


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 87 रांची, मंगलवार, 10 मार्च, 2026 (चैत्र, कृष्ण पक्ष 07, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com




## संक्षिप्त

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 12 मार्च को, होंगे कई महत्वूपर्ण फैसले

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 12 मार्च को रांची में होगी। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के अनुसार कैबिनेट की बैठक 12 मार्च, 2026 को होगी। यह बैठक अपराह्न शाम 5 बजे अथवा विधान सभा की बैठक के तुरंत बाद, जो भी बाद में हो, से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### गिरिडीह में बिहार एसटीएफ ने दो नक्सलियों को किया गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में बिहार के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और गिरिडीह पुलिस के संयुक्त अभियान में भाकपा (माओवादी) संगठन के दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान पंकज यादव (जमुई, बिहार) और पवन सिंह (सतगावा, कोड़रमा) के रूप में हुई है। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीपीओ) जीतवाहन उरांव ने सोमवार को गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों के खिलाफ नक्सली गतिविधियों से जुड़े कई मामले दर्ज हैं और वे लंबे समय से फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद बिहार एसटीएफ दोनों को अपने साथ ले गई है। पुलिस के अनुसार, दोनों नक्सलियों के खिलाफ बिहार के जमुई जिले के चरकापत्थर थाना में नक्सली घटना से संबंधित मामला दर्ज है। बिहार पुलिस के मुताबिक, दोनों भाकपा माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य हैं और कई नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे हैं।

### मैनचेस्टर जा रही इंडिगो की फ्लाइट इथियोपिया बॉर्डर से वापस लौटी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) पर पाबंदियों की वजह से दिल्ली से मैनचेस्टर जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई033 को बीच रास्ते से वापस दिल्ली लौटना पड़ा। फ्लाइट राडार24 की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली से मैनचेस्टर के लिए सोमवार को सुबह उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट (संख्या 6ई033) को पश्चिम एशिया एयरस्पेस में पाबंदियों के बीच इथियोपिया सीमा के पास पहुंचकर हवा से ही वापस मुड़ना पड़ा, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। इंडिगो एयरलाइन ने पिछले साल मुंबई और मैनचेस्टर को जोड़ने वाली अपनी पहली लंबी दूरी की उड़ान शुरू की थी। इसके बाद नवंबर में दिल्ली और मैनचेस्टर के बीच सीधी उड़ानें शुरू की गई थीं। यह 26 फरवरी के बाद इंडिगो की पहली दिल्ली से मैनचेस्टर की उड़ान थी। दिल्ली-मैनचेस्टर की ग्रेट सर्कल दूरी 6,829 किमी है और औसत उड़ान समय लगभग 11 घंटे है।

# मिडिल ईस्ट संकट पर राज्यसभा में जयशंकर बोले - हालात पर सरकार रख रही नजर

**भारत का पश्चिम एशिया संकट पर पैनी नजर, नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : जयशंकर**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को संसद में कहा कि भारत सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है और क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। लोकसभा और राज्यसभा में पश्चिम एशिया की स्थिति पर दिए गए अपने वक्तव्य में जयशंकर ने बताया कि 28 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष में इजराइल और अमेरिका एक तरफ हैं और दूसरी तरफ ईरान है, जबकि कई खाड़ी देशों पर भी हमले हुए हैं। इस संघर्ष में भारी जनहानि और बुनियादी ढांचे को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एक मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति की बैठक हुई, जिसमें क्षेत्र में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा तथा क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों पर पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा की गई। समिति को इस इलाके में आने-जाने वाले भारतीय यात्रियों और इन देशों में तय परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों को होने वाली मुश्किलों के बारे में बताया गया। इसने सभी संबंधित मंत्रालयों और विभागों को इन समस्याओं से निपटने के लिए सही कदम उठाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री नए डेवलपमेंट पर करीब से नजर रख रहे हैं।

विदेश मंत्री ने बताया कि पश्चिम एशिया भारत के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय नागरिक रहते और काम करते हैं, जबकि ईरान में भी हजारों भारतीय छात्र और पेशेवर मौजूद हैं। इसके अलावा यह क्षेत्र भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

खाड़ी देश एक बड़ा ट्रेड पार्टनर भी हैं, जो हर साल लगभग 200 बिलियन अमेरिकी डॉलर का कारोबार करते हैं। सदन को यह भी पता है कि पिछले दशक में इस इलाके से भारतीय अर्थव्यवस्था में काफी निवेश हुआ है। इसलिए सप्लाई चेन में गंभीर रुकावटें और अस्थिरता के माहौल को हम गंभीर मुद्दे मानते हैं। इसके अलावा, इनमें मर्चेंट शिपिंग पर हमले भी शामिल हैं, जहां भारतीय नागरिक अक्सर क्रू का एक बड़ा हिस्सा होते हैं। दुख की बात है कि हमने ऐसी घटनाओं में पहले ही दो भारतीय नाविकों को खो दिया है और एक अभी भी लापता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्थिति बिगड़ने के संकेत मिलने पर जनवरी से ही ईरान के लिए यात्रा संबंधी परामर्श जारी किए थे और भारतीय नागरिकों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी थी। 14 एवं 23 फरवरी को भी भारतीयों से सभी उपलब्ध साधनों से ईरान छोड़ने की अपील की गई थी।

### लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित

लोकसभा की कार्यवाही सोमवार को विपक्षी सदस्यों के पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष पर चर्चा कराने की मांग को लेकर किए गए हंगामे के कारण पहले दो बार स्थगित होने के बाद मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। लोकसभा की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने पश्चिम एशिया में तनाव, भारत की ऊर्जा सुरक्षा और विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा के मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया। इस कारण सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। लोकसभा की कार्यवाही अपराह्न 03 बजे फिर शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा। टीएमसी सदस्य महुआ मोइत्रा द्वारा नारे लगाए जाने पर पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल नाराज हो गए और उन्होंने विपक्षी सदस्यों से बार-बार शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री ने स्थिति स्पष्ट कर दी है और भारतीयों की सुरक्षा तथा ऊर्जा आपूर्ति को लेकर आवश्यक कदमों की जानकारी भी दी है।

**बजट के बाद आयोजित वेबिनार श्रृंखला की चौथी कड़ी को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित**

# जन आकांक्षाओं की पूर्ति सरकार का संकल्प : पीएम

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना उनकी सरकार का मूल संकल्प है और शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल तथा संस्कृति जैसे क्षेत्र इन आकांक्षाओं को साकार करने के प्रमुख माध्यम हैं। उन्होंने शिक्षा प्रणाली को वास्तविक अर्थव्यवस्था से जोड़ने की प्रक्रिया को तेज करने तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऑटोमेशन जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रधानमंत्री मोदी सबका साथ, सबका विकास - जन आकांक्षाओं की पूर्ति विषय पर आयोजित बजट के बाद की वेबिनार श्रृंखला की चौथी कड़ी को संबोधित कर रहे थे। इस वेबिनार में विभिन्न मंत्रालयों, विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों और नीति निमार्ताओं ने भी भाग लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना केवल एक विषय नहीं, बल्कि सरकार के बजट का मूल उद्देश्य और संकल्प है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे निवेश और सुधार देश के विकास को नई दिशा देने वाले हैं।

### देश के स्वास्थ्य ढांचे को तेजी से किया गया है मजबूत

पीएम मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल उपचार आधारित व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि एक व्यापक और निवारक स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण करना है। पिछले कुछ वर्षों में देश के स्वास्थ्य ढांचे को तेजी से मजबूत किया गया है और योग तथा आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर व्यापक स्वीकार्यता मिली है। उन्होंने बताया कि देश के सैकड़ों जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं तथा आयुष्मान भारत योजना और आरोग्य मंदिरों के माध्यम से आम नागरिकों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का विस्तार किया गया है। प्रधानमंत्री ने केयर इकॉनमी के उभरते महत्व का भी उल्लेख किया और कहा कि दुनिया भर में प्रशिक्षित देखभाल कर्मियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों से युवाओं को इस क्षेत्र में तैयार करने के लिए नए प्रशिक्षण मॉडल विकसित करने के लिए सुझाव देने का आग्रह किया। डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि टेली-मेडिसिन ने दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# झारखंड विधानसभा में गूंजे कई अहम मुद्दे राज्य में खाली सरकारी पदों पर तीखी बहस

**पोटका मुआवजा, खाली पद, अफीम खेती और सुरक्षा पर गरमागरम बहस**

प्रात: नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के नौवें दिन सोमवार को सदन में कई अहम मुद्दों पर व्यापक चर्चा और तीखी बहस देखने को मिली। पोटका में भारी बारिश से प्रभावित परिवारों को मुआवजा, राज्य में बड़ी संख्या में खाली सरकारी पद, कथित आईएएस-आईपीएस ऑडियो रिकॉर्डिंग, सारंडा क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति, बैंक ऑफ इंडिया के साथ हुए एमओयू की सुविधाएं और अवैध अफीम खेती जैसे विषयों पर सदन में सरकार और विपक्ष के बीच सवाल-जवाब का दौर चला।

**पोटका में बारिश से प्रभावित परिवारों को मुआवजे का मुद्दा :** पोटका से विधायक जगत मांझी ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से वर्ष 2025-26 में भारी बारिश से हुए नुकसान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मुआवजे के लिए 684 आवेदन प्राप्त हुए थे, लेकिन अब तक किसी को राहत राशि नहीं मिली। इस पर मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बताया कि उपायुक्त के आकलन के आधार पर 335 परिवारों को चिन्हित कर उन्हें मुआवजा दिया जा चुका है और बाकी पात्र लोगों को भी राहत राशि दी जाएगी।

विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में स्वीकृत 3.51 लाख पदों में से करीब 1.54 लाख पद खाली हैं, जो लगभग 45 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में रिक्तियां सरकारी कामकाज को प्रभावित कर रही हैं। इस पर मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि सरकार वित्त विभाग के आंकड़ों को आधार मानती है और झारखंड लोक सेवा आयोग तथा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से लगातार नियुक्तियां की जा रही हैं। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भी स्वीकार किया कि कई पद 20-25 वर्षों से खाली हैं, लेकिन सरकार अब तक 30 हजार से अधिक नियुक्तियां कर चुकी है।

### आईएएस-आईपीएस की ऑडियो रिकॉर्डिंग पर जांच का आश्वासन

**सदन** में दो वरिष्ठ अधिकारियों के बीच कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग का मामला भी उठा। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसे गंभीर बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। इस पर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि यदि रिकॉर्डिंग सरकार को उपलब्ध कराई जाती है तो मामले की जांच कराई जाएगी। इस दौरान विधायक नवीन जायसवाल समेत अन्य सदस्यों ने भी जांच की मांग का समर्थन किया।

# सीएम हेमंत से विस की महिला सदस्यों ने की मुलाकात

प्रात: नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में विधानसभा की महिला सदस्यों ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी सभी महिला सदस्यों को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उपस्थित महिला जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया और राज्य के सर्वांगीण विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में उनकी भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और सुरक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस दौरान विधानसभा की महिला सदस्यों ने भी मुख्यमंत्री को राज्य में महिलाओं के उत्थान, सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने सुझाव साझा किए।

# चुनावी हिंसा पर शून्य सहनशीलता की नीति अपनाएगा आयोग : ज्ञानेश कुमार

एजेंसी




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राजनीतिक दलों को आश्वस्त किया है कि पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग सभी आवश्यक कदम उठाएगा।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि चुनावी हिंसा के मामले में आयोग की नीति शून्य सहनशीलता की होगी। कोलकाता में सोमवार को आयोजित बैठक के दौरान ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत में चुनाव पूरी तरह कानून के अनुसार कराए जाते हैं और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए आयोग कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इस बैठक में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, बैठक का उद्देश्य विभिन्न राजनीतिक दलों की चिंताओं और सुझावों को सुनना तथा चुनाव प्रक्रिया को और मजबूत बनाने में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना था।

### धनबाद के कोयला कारोबारी एलबी सिंह से ईडी की पूछताछ

**रांची।** धनबाद के प्रसिद्ध कोयला व्यापारी एलबी सिंह से सोमवार को रांची स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ की जा रही है। ईडी द्वारा जारी समन के आधार पर वे पूछताछ के लिए कार्यालय पहुंचे, जहां आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अधिकारियों ने उनसे कोयला घोटाले से जुड़े मामलों और उनकी व्यापारिक गतिविधियों के संबंध में सवाल-जवाब शुरू किया। ईडी ने कोयला घोटाले की जांच के दौरान की गई छापेमारी और अन्य कोयला व्यापारियों से पूछताछ में मिले तथ्यों के आधार पर एलबी सिंह को समन जारी किया था।

# रेस्टोरेंट फायरिंग पर डीजीपी सख्त, गिरफ्तारी के निर्देश

**अपराधियों को पकड़ने के लिए तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और अन्य उपलब्ध सूचनाओं का व्यापक रूप से उपयोग करें**

**विशेष टीम गठित कर लगातार छापेमारी अभियान चलाने और कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के भी निर्देश**

प्रात: नागपुरी संवाददाता




**रांची।** राजधानी रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र अंतर्गत कुटियातू स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई हत्या की घटना को लेकर झारखंड की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने सोमवार को रांची पुलिस के आला अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने घटना में शामिल अपराधियों की जल्द पहचान कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीजीपी ने कहा कि अपराधियों को पकड़ने के लिए तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और अन्य उपलब्ध सूचनाओं का व्यापक रूप से उपयोग किया जाए। उन्होंने विशेष टीम गठित कर लगातार छापेमारी अभियान चलाने और कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए।

इस बैठक में एडीजी मनोज कौशिक, रांची के एसएसपी राकेश रंजन, एटीएस एसपी ऋषभ कुमार झा, सिटी एसपी पारस राणा तथा एयरपोर्ट थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में अपराधियों ने टीटॉस रेस्टोरेंट घुसकर गोलीबारी की थी। इस दौरान मनीष गोप नामक व्यक्ति को गोली लग गई थी, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद रांची पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि होटल संचालक ने दिसंबर महीने में ही एयरपोर्ट थाना पुलिस को धमकी मिलने की सूचना दी थी। इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण अपराधियों ने एक दिन पहले रेस्टोरेंट में घुसकर होटल संचालक के चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी।

### डीजीपी के निर्देश पर चार पुलिसकर्मी निलंबित

**इधर,** रामगढ़ जिले के रजरप्पा मंदिर में पुलिसकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की घटना पर भी डीजीपी ने संज्ञान लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को देखते हुए डीजीपी ने रामगढ़ पुलिस अधीक्षक को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निर्देश के बाद पुलिस अधीक्षक ने घटना में शामिल चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया है। मामले में आगे की जांच और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# अंतरिक्ष यात्रा का मानव शरीर पर असर के अध्ययन के लिए एम्स और इसरो के बीच हुआ समझौता

एजेंसी



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के बीच सोमवार को समझौता किया गया। एम्स के निदेशक प्रो. एम. श्रीनिवास और मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन भी मौजूद थे। प्रो. श्रीनिवास ने पत्रकारों से कहा कि इस समझौते का उद्देश्य यह समझना है कि अंतरिक्ष यात्रा मानव शरीर पर कैसे असर डालती है। इसके लिए एम्स और इसरो के वैज्ञानिक और डॉक्टर मिलकर अनुसंधान करेंगे।

इस शोधों पर मानव शरीर की कार्यप्रणाली, दिल और नर्वस सिस्टम का काम, सूक्ष्म गुरुत्व में मांसपेशियां और हड्डियां, माइक्रोबायोम और प्रतिरक्षा प्रणाली, जीन और बायोमार्कर और मानसिक और व्यवहारिक स्वास्थ्य शामिल है। प्रो. श्रीनिवास ने कहा कि यह समझौता हमें अंतरिक्ष चिकित्सा के क्षेत्र में एक साथ आगे बढ़ने की शक्ति देगा। एम्स और इसरो के बीच सहयोगी अनुसंधान से रोगियों, राष्ट्र और मानवता को लाभ होगा। जैसा कि भारत 2047 तक विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है, हम अंतरिक्ष चिकित्सा में भी विश्वगुरु बनने की उम्मीद रखते हैं। यह अनुसंधान भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमताओं को मजबूत करने में मदद करेगा और अंतरिक्ष में स्वास्थ्य के बारे में वैज्ञानिक ज्ञान बढ़ाएगा। इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की अद्भुत यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि शुरूआत में रॉकेट और उपकरण साइकिल और बैलगाड़ी से ले जाए जाते थे, और अब भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता के रूप में खड़ा है।

# सिल्ली कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि




**सिल्ली।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्रभारी प्रधानाचार्या डॉ अनंत कुमार महतो ने की, जबकि संचालन प्रो मंजुलता कुमारी ने किया। मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, मुखिया शर्मिला कुमारी प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार महतो, प्रो नकुल चंद्र महतो, प्रो विश्वनाथ मुंडा, डॉ विपिन कुमार महतो, प्रो हुलसी कुमारी, प्रो कविता महतो आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया। स्वागत भाषण देते प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज की संस्कारदात्री और राष्ट्र निर्माण की प्रेरक शक्ति भी है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपनी अंतर्निहित प्रतिभा और सामर्थ्य को पहचानकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें तथा एक-दूसरे की प्रतिस्पर्धी बनने के बजाय सहयोगी बनकर समाज के विकास में योगदान दें।जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि परिवार और समाज के निर्माण तथा उसके संतुलित संचालन में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जहाँ महिलाओं का सम्मान होता है, वहाँ सुख, समृद्धि और सफलता का वास होता है। इस अवसर पर प्रो विश्वनाथ मडा, प्रोफेसर नकुल चंद्र महतो, प्रो तिलक महतो, प्रो पवन कुमार भगत, प्रो निशिकांत महतो सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने महिलाओं के स्वाभिमान, आर्थिक आत्मनिर्भरता, शिक्षा और जागरूकता को सशक्तिकरण का आधार बताते हुए छात्राओं को सुरक्षित भविष्य के लिए आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्राओं में रुशमा कुमारी, शशि कोइरी, सचिन महतो, तनु कुमारी, पायल कुमारी, अम्बा रानी महतो, निशा कुमारी ने भी गीत, कविता के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी बहुआयामी भूमिका विचार प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने सराहना की। इस मौके पर श्यामल कुमार दे समेत एनएसएस के के स्वयंसेवक एनसीसी के केडेट एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# ससुराल से नशे में धुत होकर निकला था ड्राइवर, मंत्री के स्कॉर्ट गाड़ी को ठोका

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** झारखंड के मंत्री योगेंद्र प्रसाद को स्कॉर्ट कर रही रामगढ़ पुलिस की गाड़ी को ठोकर मारने वाला ड्राइवर पूरी तरीके से नशे में धूत था। उसके शरीर में अल्कोहल की मात्रा 466 एमजी/लीटर पाई गई है। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित संपूर्ण गोसाई बोकारो जिले के कसमार का रहने वाला है। रामगढ़ के चट्टी बाजार के गोसाई टोला में वह अपने ससुराल आया हुआ था। अपने साले के साथ उसने जमकर शराब पी और बोलेरो गाड़ी लेकर रांची की तरफ निकल गया। कोठार के पास मंत्री योगेंद्र प्रसाद को स्कॉर्ट कर रही रामगढ़ पुलिस की गाड़ी को उसने आमने-सामने टक्कर मार दी। वह इतने नशे में था कि उसे खुद ही होश नहीं था। गाड़ी को भी वह अनियंत्रित तरीके से चला रहा था। उसने मंत्री की गश्ती में लगी गाड़ी को जानबूझकर धक्का मारा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिस कर्मियों की जान भी जा सकती थी। लेकिन पुलिस गाड़ी को चला रहे ड्राइवर की सूझबूझ के कारण लोगों की जान बच सकी। रामगढ़ पुलिस ने संपूर्ण गोसाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## संक्षिप्त

### अल्पसंख्यकों का मुद्दा कांके विधायक सुरेश बैठा ने सदन में उठाया



**कांके।** कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने विधानसभा में अल्पसंख्यकों का मुद्दा उठाया। विभाग ने अल्पनसंख्याा कल्याण विभाग अंतर्गत आने वाले झारखंड अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग, झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड, झारखंड हज समिति में स्थायी निदेशक, सचिव, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नहीं होने पर सवाल उठाया। स्थायी पदास्थापन की मांग की। सत्र के ३शून्य कालर३ में सदन में मामला उठाते हुए विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम, अल्पसंख्यक आयोग, सुन्नी वक्फ बोर्ड और हज समिति में निदेशक, सचिव मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के स्थायी पद सृजित है। स्थायी पदस्थापन नहीं होने से विभागीय कार्य प्रभावित होता है। इसपर आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली ने विधायक सुरेश बैठा का आभार जताया। बताया कि अलग राज्य बनने के 25 वर्ष बाद भी अल्पसंख्यकों से सबंधित बोर्ड, निगम, आयोग, समिति में स्थायी निदेशक/सचिव/सीईओ का पदास्थापन नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### हत्या मामले में पांच आरोपित गिरफ्तार

**खूंटी।** जिले के कर्रा थाना क्षेत्र के टिमड़ा गांव में जमीन विवाद को लेकर शनिवार की रात हुई सुकरा महतो की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने एक शूटर सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनीष टोप्पो ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। एसपी ने बताया कि छह मार्च की रात कर्रा थाना क्षेत्र के टिमड़ा गांव में अपराधियों ने गोली मारकर सुकरा महतो की हत्या कर दी थी। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की ओर से कर्रा थाना में मामला दर्ज कराया गया था। कांड की गंभीरता को देखते हुए तोरपा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की गई।

# सूर्य त्याग, तेज और तपस्या के हैं देवता अति शीघ्र रीझने वाले देव हैं : शालिनी त्रिपाठी

**कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरूआत की**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**इटकी ।** इटकी में नव निर्मित सूर्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के चौथे दिन सोमवार को संध्या 6.25 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मंदिर और भगवान भूवन भाष्कर के प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा और मंडप पूजन हवन अनुष्ठान को पूरा कर लिया गया है। इसके बाद शाम 7.30 बजे अतिथि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से उदघाटन की। कथावाचिका मानस मयूरी शालनी त्रिपाठी अपनी प्रवचन में कहा कि वैदिक काल से ही सूयोर्पासना चली आ रही है।छान्दोग्योपनिषद् के अनुसार सूर्य को प्रणव निरुपित कर साधना करने से पुत्र रत्न की प्राप्ति का लाभ मिलता है। माता कुंती को सूर्य देव की उपासना से ही कर्ण जैसे तेजस्वी और दानवीर पुत्र की प्राप्ति हुई। वेदों में वर्णित है कि माता जानकी (सीता ) और द्रौपदी ने भी सूर्य नारायण की उपासना की है। सूर्य त्याग,तेज और तपस्या के देवता हैं। इनके वंश में ही हरिश्चंद्र जैसे त्यागी महाराजा हुए जिनकी देवताओं ने कठिन परीक्षा ली गई किन्तु सत्यवादी हरिश्चंद्र उनके आगे टूटें नहीं। भगवान भास्कर अति शीघ्र रीझने वाले देव हैं, जिन्होने कर्ण को कवच और कुंडल प्रदान किया था। उन्होंने आगे कहा आत्मा जब परमत्मा से मिलती है तो वह दो नही एक हो जाते है। प्रभु के साथ इस एकता का अनुभव करना तभी संभव है जब हम महसूस करते है कि हम सब एक है। इस दिव्य अनुभव को हम केवल ध्यान के अभ्यास के जरिये प्राप्त कर सकते है। नही तो सारी उम्र सोच में पड़े रहते है कि हम और परमात्मा अलग अलग है। प्रत्येक दिन ध्यान अभ्यास समय व्यतित करने से हमारी अध्यात्मिक विकास के साथ पूरे विश्व में शांति का भी प्रसार होगा। यदि प्रत्येक मनुष्य इस अनुभुति को प्राप्त कर लें तो दुनिया एक शांति और प्रेम का स्थल बन जायेगा। कार्यक्रम के अतिथि मुकेश शास्त्री सहित हजारों श्रदालु उपस्थित थे।

### पांच परगना सुखद सत्संग केन्द्रीय कमिटी के सदस्यों ने रक्षा राज्य मंत्री को दिया निमंत्रण



**सोनाहातू।** पांच परगना सुखद सत्संग केन्द्रीय समिति के सदस्यों ने रक्षा मंत्री मंत्री संजय सेठ और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो के रांची स्थित आवास में मुलाकात कर 20 से 22 मार्च को आयोजित सुखद सत्संग कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किए गई। समिति के सदस्यों के द्वारा कार्यक्रम को लेकर सोनाहातू बुंडू,तमाड़ ओर राहे क्षेत्र में व्यापक स्तर में प्रचार प्रसार में लगे है। ज्ञात हो कि 20 से 22 मार्च को राष्ट्रीय संत असंग देव जी महाराज का कार्यक्रम सोनाहातू में होगा।

### सिल्ली लालबाग कॉलोनी के कचड़े के ढेर में लगी आग



**सिल्ली।** सिल्ली मेन रोड पुरानी यूनियन बैंक के समीप लालबाग कॉलोनी में आग लगने से बाल बाल बचा कॉलोनी।जानकारी के मुताबिक रविवार देर रात लगभग 12 बजे अचानक लालबाग कॉलोनी सिल्ली में माधव अग्रवाल के खाली पड़े जमीन पर तेज से आग की लपटें दिखाई दिया। लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया परन्तु काफी देर हो चुकी थी।आग की लपटे ओर जोर से बढ़ने लगा।तभी इसकी सूचना सिल्ली पुलिस को दी गई। पुलिस ने इंडालको दमकल वाहन को सूचना दी। दमकल वाहन कर्मियों के काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। अन्यथा आस पास की मकान पर आग फैल सकता था। पुलिस की तत्परता एवं हिंडालको के दमकल वाहन समय पर पहुंचने कारण बड़ी घटना टल गई। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त खाली जमीन पर आस पास के लोग कचरा फेंकते है। उसी स्थान पर देर रात इंडिया क्रिकेट फाइनल जीतने पर लोगों ने खुशी से पटाखा फोड़ रहे थे। पटाखे की चिंगारी से कचरा पर आग लग गई थी। आग बुझाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली तथा पुलिस एवं दमकल कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

### पिठोरिया-पतरातू मुख्य मार्ग में हादसा, एक की मौत




**पिठोरिया।** पिठोरिया-पतरातू मुख्य मार्ग में पिठोरिया थाना से करीब आधा किलोमीटर दूर दुअरसीनी मंदिर के समीप सोमवार को दर्दनाक हादसा हुआ। इसमें अज्ञात वाहन ने एक बाइक (जेएच01ई 0943) को टक्कर मार दी। इस घटना में इचापीड़ी पंचायत के नया टोली निवासी अरमान अंसारी (17 वर्ष) की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई। दूसरा बाइक सवार आदिल अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक पिठोरिया से राड़हा जाने के लिए निकले थे, तभी यह हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही पिठोरिया पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों को अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में डॉक्टर ने अरमान अंसारी की मौत की पुष्टि की। घटना के बाद पूरे क्षेत्र मे शोक की लहर है। विधायक सुरेश बैठा को भी सदन के दौरान इसकी सूचना मिलते ही परिजनों से फोन पर बातचीत कर मामले की जानकारी ली। सांत्वना व्यक्त किया।

### बचरा साइडिंग में असंगठित मजदूरों और जेएलकेएम की बैठक

**खलारी।** बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों एवं झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक सोमवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मुंशी महतो ने की, जबकि संचालन जेएलकेएम के रांची जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार महतो ने किया। बैठक में असंगठित मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मजदूरों ने हाई पावर कमेटी के अनुसार वेतन भुगतान की मांग उठाई। साथ ही कम रेट में लोडिंग का काम लेने का विरोध करने का निर्णय लिया गया।

# रजरप्पा मंदिर में श्रद्धालु से मारपीट का वीडियो वायरल, चार पुलिसकर्मी निलंबित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध रजरप्पा मंदिर परिसर में एक श्रद्धालु के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सोमवार को चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। जानकारी के अनुसार, रजरप्पा थाना क्षेत्र स्थित रजरप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे एक श्रद्धालु ने मंदिर के निकास द्वार से प्रवेश करने की कोशिश की। उस समय निकास द्वार पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे रोक दिया। इसी दौरान श्रद्धालु और पुलिसकर्मियों के बीच पहले बहस और गाली-गलौज हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया। मामले की जांच के लिए पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी-मुख्यालय) सह प्रभारी एसडीपीओ चंदन वत्स को जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की भौतिक जांच की और संबंधित लोगों से पूछताछ की।

# पुराने एनएच और 10 स्टेट हाईवे सड़क का हो रहा सीमांकन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** जिले में पथ निर्माण विभाग एक बार फिर अपनी सड़कों का सीमांकन कर रहा है। जिले में 10 ऐसी सड़कों को पहले चरण में चिन्हित किया गया है, जहां अतिक्रमण होने की संभावना है। स्टेट हाईवे की सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण में भविष्य में कोई दिक्कत न आए, इसके लिए अभी से ही प्रारूप तैयार किया जा रहा है। पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता राजीव रंजन कुमार मुंडा ने सोमवार को बताया कि पहले चरण में 10 सड़कों को चिन्हित किया गया है। रामगढ़ शहर का पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 33 और 23 की नापी भी होगी। पटेल चौक से सांडी सड़क की नापी चल रही है। सड़क के बीचों-बीच से दोनों तरफ 75 फीट जमीन का अधिग्रहण काफी पहले ही हो चुका था। कई जगहों पर यह काम और ज्यादा भी हो सकता है। लेकिन अधिग्रहित भूमि पर सीमांकन कर पीलर गाड़ा जाएगा।

# राम लखन सिंह यादव हाई स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**समाजसेवी रतन लाल अग्रवाल ने कहा– महिलाओं का सशक्तीकरण समाज के लिए आवश्यक**

प्रात: नागपुरी संवाददाता





**रांची।** राजधानी रांची के कोकर स्थित राम लखन सिंह यादव हाई स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोमवार को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं एवं किशोरियों के सशक्तीकरण पर केंद्रित था। शहर के जाने-माने समाजसेवी रतन लाल अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं का सशक्तीकरण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

स्कूल के प्राचार्य विनय रंजन ने जोर दिया कि जब महिलाएं शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनती हैं, तो परिवार और समाज दोनों मजबूत होते हैं। इस कार्यक्रम में स्कूल की शिक्षिका, छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिकाओं और छात्राओं ने गीत, कविता और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान केक काट कर महिला दिवस को सेलिब्रेट किया गया। साथ ही महिलाओं के सम्मान, समान अवसर और सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संध्या खलखो, प्रतिमा कुमारी, अनुपम कुमारी, संध्या, ललिता कुमारी, प्रतिभा भारती, ज्योति कुमारी, पूनम नायक, तनु कुमारी, अमीषा कुमारी, राज केसरी, जूली मरांडी, रेशमा, रेशमा कुजूर, अंजलि, आर्यन, मनीषा, बबीता कश्यप, संगीता एक्का, निशा रानी, धनु महतो, अनुकूल, विजय सिंह, बृजनंदन राम, मनीष कुमार, मामूल हक, शिव मूरत राम, उमेश महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# रामगढ़ में राशन कार्ड को आधार और मोबाइल से जोड़ा जाएगा, डीसी ने दिए निर्देश

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि




**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में राशन कार्डधारकों के रिकॉर्ड को तकनीकी रूप से अपडेट करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके तहत सभी राशन कार्डों को आधार कार्ड और मोबाइल नंबर से जोड़ा जाएगा। उपायुक्त (डीसी) फैज अक अहमद मुमताज ने सोमवार को सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को इस कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा करने का निर्देश दिया।

डीसी ने जिला आपूर्ति कार्यालय की ओर से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी भी ली। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों से आधार सीडिंग, मोबाइल नंबर सीडिंग, पीवीटीजी डाकिया योजना तथा खाद्यान्न आपूर्ति से संबंधित प्रखंडवार प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

उपायुक्त ने खाद्यान्न के सुरक्षित भंडारण के लिए बनाए गए गोदामों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने विभाग की ओर से संचालित योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राशन कार्डधारकों के लंबित आधार सीडिंग और मोबाइल नंबर सीडिंग का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि लाभुकों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुचारू रूप से मिल सके।

उन्होंने पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत लाभुकों को समय पर राशन उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। साथ ही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को क्षेत्र में स्थल निरीक्षण कर लाभुकों को मिल रहे लाभ की जानकारी लेने और व्यवस्था की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। बैठक में हरा राशन कार्ड और मुख्यमंत्री दाल-भात योजना की भी समीक्षा की गई, जिसमें डीसी ने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए।

# खूंटी की जर्जर सड़कों का मुद्दा विधायक रामसूर्या मुंडा ने विधानसभा में उठाया

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को खूंटी विधानसभा क्षेत्र की खराब सड़कों का मुद्दा जोर-शोर से उठा। खूंटी के विधायक रामसूर्या मुंडा ने क्षेत्र की जर्जर सड़कों की स्थिति पर चिंता जताते हुए सरकार से जल्द मरम्मत कराने की मांग की। विधायक ने सदन में बताया कि नेशनल हाईवे-75 ई रांची, चाईबासा मुख्य मार्ग पर स्थित खूंटी विधानसभा क्षेत्र के मुरहू प्रखंड अंतर्गत साड़ीगांव नाला से जीवनटोली तक लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क बेहद जर्जर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा होने के बावजूद मरम्मत कार्य के दौरान अक्सर इस हिस्से को नजरअंदाज कर दिया जाता है। रामसूर्या मुंडा ने कहा कि सड़क की खराब स्थिति के कारण यहां कई बार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें जानमाल का नुकसान भी हुआ है। जर्जर सड़क की वजह से इस मार्ग से गुजरने वाले स्थानीय लोगों और राहगीरों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस सड़क की जल्द मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। विधायक ने इसके अलावा खूंटी प्रखंड में नदी ढीपा से पतरा टोली तक करीब सात किलोमीटर लंबी जर्जर सड़क का मामला भी सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि इस मार्ग की हालत भी काफी खराब है, जिसके कारण लोगों को आए दिन परेशानी झेलनी पड़ती है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के योगिक साइंसेज एवं नेचुरोपैथी विभाग और फाइन आर्ट्स विभाग ने इंडियन नॉलेज सिस्टम सेंटर के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और रचनात्मकता के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है। उनके योगदान के बिना किसी भी राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समान अवसरों की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान योगिक साइंसेज एवं नेचुरोपैथी विभाग की ओर से महिलाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग और प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व को बताया गया, वहीं फाइन आर्ट्स विभाग के विद्यार्थियों द्वारा कला के माध्यम से नारी शक्ति, समानता और सशक्तिकरण के संदेश को प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने के साथ हुआ। इस अवसर पर डीन प्रो. नीलिमा पाठक, डॉ. सुभानी बाड़ा, आशुतोष द्विवेदी, अजय कुकरेती, सुजीत सेनगुप्ता, स्पर्श उपाध्याय एवं अन्यान्य उपस्थित रहे।

# सीएम हेमंत से पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ने की शिष्टाचार भेंट, बजट की प्रति सौंपी

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य में सड़क अवसंरचना के विकास और विभाग की आगामी योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। भेंट के दौरान प्रधान सचिव सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री को पथ निर्माण विभाग के आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की प्रति भेंट की। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री को वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभाग द्वारा किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

प्रधान सचिव ने मुख्यमंत्री को बताया कि विभाग द्वारा राज्य में सड़क नेटवर्क को मजबूत बनाने, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने तथा प्रमुख मार्गों के उन्नयन के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 के लिए भी विभाग ने सड़क निर्माण, पुल-पुलियों के निर्माण और महत्वपूर्ण मार्गों के चौड़ीकरण से जुड़ी कई नई योजनाओं की रूपरेखा तैयार की है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विभागीय कार्यों की जानकारी लेते हुए राज्य में सड़क अवसंरचना को और सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क व्यवस्था राज्य के आर्थिक विकास और आम लोगों की सुविधा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## संक्षिप्त

### मेसरा में मंडा पूजा चार अप्रैल को, कमेटी गठित



**रांची।** मेसरा में चार अप्रैल को मंडा पूजा और पांच को झूलन कार्यक्रम होगा। 16 अप्रैल को काली पूजा होगा। मेसरा शिव और काली पूजा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। समिति की ओर से सोमवार को बताया कि कार्यक्रम को लेकर कमेटी का गठन किया गया है। सर्वसम्मित से कांके पूर्वी जिला परिषद सदस्य संजय कुमार महतो को मुख्य संरक्षक , गंगा करमाली को अध्यक्ष, जलेश्वर महतो को सचिव चुना गया। इसके अलावा बबलू महतो, सतीश महतो, किशोर महतो छोटेलाल महतो को सह -सचिव, कुशल मुंडा, शिवलाल महतो, कालेश्वर महतो, मनोज महली को उपाध्यक्ष और प्रभात महतो को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

### सेंटेविटा अस्पताल में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेंटेविटा अस्पताल में महिलाओं के योगदान और सशक्तिकरण को सम्मानित किया गया। मौके पर अस्पताल की महिला डॉक्टरों, नर्सों और कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेंटेविटा अस्पताल की कार्यकारी निदेशक श्रीमती रेशमा साहू थीं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका समर्पण ही मरीजों की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम के दौरान महिला कर्मचारियों द्वारा नृत्य, गायन एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल बना रहा।

### बीआईटी मेसरा ने अपूर्व ड्रामजेस्ट 26 होस्ट किया

रांची। बीआईटी मेसरा की एहसास ड्रामेटिक्स सोसाइटी ने इंस्टीट्यूट के कैट हॉल में अपूर्व ड्रामजेस्ट 26 ऑर्गनाइज किया। यह तीन दिन का थिएटर फेस्टिवल हर साल एहसास के पूर्व प्रेसिडेंट अपूर्व सिंह की याद में होता है। इस इवेंट में 100 से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने पाँच टीमें बनाईं, बैडी बबीता, बेरहम अहम, खट्टी अंगूरी, किलविश सेना और सैसी गोपी, जिन्होंने स्टैंड-अप कॉमेडी, मोनो एक्ट्स, माइम, स्टेज प्ले, म्यूज़िकल स्किट और शॉर्ट फिल्म स्क्रीनिंग जैसे थिएटर फॉर्मेट में मुकाबला किया। इस इवेंट को एहसास ड्रामेटिक्स सोसाइटी के मेंबर्स ने इंस्टीट्यूट की सांस्कृतिक समिति के समन्वय से सम्पन्न किया। टीम की परफॉर्मेंस को जजों के एक जाने-माने पैनल ने जांचा, जिसमें मिस्टर श्रीजन निधि, मिस प्रज्ञा सिंह और मिस्टर शिवम कुमार झा शामिल थे, जिन्होंने एक्टिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग और ओवरऑल प्रेजेंटेशन के आधार पर टीमों को परखा।

### आईसीएआई की रांची शाखा भवन में निवेशक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

# अवैध और जोखिमपूर्ण गतिविधि है डब्बा ट्रेडिंग : सीए जयेन्द्र तिवारी

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** आईसीएआई की रांची शाखा भवन में निवेशक जागरुकता कार्यक्रम भारत सरकार के कार्पोरेट मंत्रालय के अधीन इंवेस्टर एजुकेशन प्रोटेक्शन फंड अथॉरिटी के तत्वावधान में 9 मार्च को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक युवा, विद्यार्थियों एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य निवेशकों को वित्तीय बाजार की सही जानकारी प्रदान करना और सुरक्षित एवं जागरूक निवेश के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अनीश जैन ने कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय साक्षरता अत्यंत आवश्यक है। सही जानकारी का अभाव कई बार लोगों को गलत निवेश निर्णय लेने के लिए प्रेरित कर देता है। ऐसे में निवेशक जागरुकता कार्यक्रम लोगों को पूंजी बाजार, बैंकिंग और निवेश के सुरक्षित विकल्पों के बारे में सही मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

श्री जैन ने कहा कि संस्थान समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज में वित्तीय जागरुकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों से अपील की कि वे निवेश करने से पहले उचित जानकारी अवश्य प्राप्त करें। कार्यक्रम के विशेषज्ञ वक्ता सीए जयेन्द्र तिवारी (रीजनल काउंसिल मेंबर, गाजियाबाद) ने प्रतिभागियों को निवेश से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने डब्बा ट्रेडिंग के बारे में बताते हुए कहा कि यह अवैध और जोखिमपूर्ण गतिविधि है, जिससे निवेशकों को दूर रहना चाहिए।

श्री तिवारी ने पूंजी बाजार की मूल संरचना और उसके कार्य करने की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। साथ ही बैंकिंग प्रणाली के परिचय के माध्यम से वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता और सुरक्षा पर प्रकाश डाला। श्री तिवारी ने निवेशकों को यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या धोखाधड़ी की स्थिति में उपलब्ध निवेशक शिकायत निवारण तंत्र का उपयोग कैसे किया जा सकता है। उनके मार्गदर्शन से प्रतिभागियों को निवेश के क्षेत्र में जागरूक और सतर्क रहने की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन रांची शाखा के कोषाध्यक्ष सीए हरेन्दर भारती और धन्यवाद रांची शाखा सचिव सीए दिलीप कुमार ने दिया। इस अवसर पर रांची शाखा के उपाध्यक्ष सीए विवेक खोवाल भी उपस्थित थे।

## ज्वेलरी शॉप से हीरे की अंगूठी लेकर फरार हुआ ग्राहक, सीसीटीवी के आधार पर जांच तेज

**रांची।** राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी इलाके में एक ज्वेलरी दुकान से हीरे की अंगूठी चोरी होने का मामला सोमवार को सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक ग्राहक अंगूठी देखने के बहाने दुकान में आया और मौका पाकर हीरे की अंगूठी लेकर चुपचाप फरार हो गया। घटना के बाद दुकानदार की शिकायत पर हिंदपीढ़ी थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, हिंदपीढ़ी स्थित मियां तनिष्क नामक ज्वेलरी शॉप में एक ग्राहक अंगूठी देखने के लिए पहुंचा था। दुकान के कर्मचारी ने उसे कई अंगूठियां दिखाई, जिनमें से एक हीरे की अंगूठी उसे पसंद आ गई। इसी दौरान उसने मौका देखकर अंगूठी अपने पास रख ली और बिना किसी को बताए दुकान से निकल गया। कुछ देर बाद जब दुकानदार और कर्मचारियों ने दुकान में रखे सामानों का मिलान किया, तो एक हीरे की अंगूठी गायब मिली। इसके बाद दुकान के कर्मचारी सूरज ठाकुर ने तुरंत हिंदपीढ़ी थाने में इसकी सूचना दी। सूरज ठाकुर की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोप्त की पहचान की जा सके। हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति का चेहरा साफ दिखाई दे रहा है। फुटेज के आधार पर उसकी पहचान की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## झारखंड में 11 मार्च तक बारिश और वज्रपात की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में 11 मार्च तक बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, 12 मार्च से मौसम साफ होने की उम्मीद है। सोमवार को रांची सहित कई जिलों में सुबह से ही बादल छाए रहे, जिससे धूप की तपिश कम महसूस की गई। मौसम विभाग ने 9, 10 और 11 मार्च को राज्य के उत्तर-पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती जिलों में गर्जन के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, सोमवार को जिन जिलों में गर्जन के साथ बारिश की संभावना है, उनमें हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज शामिल हैं। 10 मार्च को बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में भी आंधी-तूफान आने की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि पिछले 24 घंटे में राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 35.5 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान गमला में 16.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के कई जिलों में तापमान 35 डिग्री के पार पहुंच गया है। जिन स्थानों पर तापमान में तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है, उनमें डाल्टनगंज, सरायकेला और जमशेदपुर शामिल हैं। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह, जमशेदपुर में अधिकतम 33.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23.6 डिग्री सेल्सियस, डाल्टनगंज में अधिकतम 35.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस, बोकारो में अधिकतम 34.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22.1 डिग्री सेल्सियस, चाईबासा में अधिकतम 35.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## अखिल राजपुताना कल्याण न्यास का सम्मान समारोह, वार्ड 32 के विजयी पप्पू सिंह सम्मानित

**रांची।** अखिल राजपुताना कल्याण न्यास की नामकुम इकाई द्वारा समाज में एकता, परंपरा और सेवा भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से नामकुम स्थित उज्जैन भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्ड संख्या 32 से विजयी पप्पू सिंह को मंच पर आमंत्रित कर अंगवस्त्र एवं पारंपरिक तलवार भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में स्वर्ण समाज के प्रदेश अध्यक्ष तथा अखिल राजपुताना कल्याण न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह ने समाज के सभी वर्गों से एकजुट होकर सामाजिक विकास, भाईचारा और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बिपिन सिंह, सुभाष सिंह, आर.के. सिंह, अजय कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह और अखिलेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर श्रीराम सिंह, संतोष सिंह, विनोद सिंह, सुबोध सिंह, राकेश सिंह, विनोद कुमार सिंह, प्रकाश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सूरज झा, राहुल पाठक, राहुल बिहारी, आकाश, वीरू सिंह, सुभाष सिंह, वक्त भाई, अमरेंद्र सिंह और अजय सिंह सहित समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। समारोह के दौरान वक्ताओं ने समाज में एकता, सम्मान और सहयोग की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।

## श्रवण कुमार बने छात्र क्लब पर्यावरण मंच के संरक्षक

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** छात्र क्लब ग्रुप की एक महत्वपूर्ण बैठक बूटी मोड़ के डुमरदगा स्थित प्रगतिशील विश्वकर्मा सेवा समिति के कार्यालय में क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में क्लब के विभिन्न मंचों-पर्यावरण मंच, बुद्धिजीवी मंच, चिकित्सक मंच, प्रौद्योगिकी मंच, कला-संस्कृति एवं खेलकूद मंच, मानव कल्याण मंच, श्रमिक कल्याण मंच, बाल गोपाल मंच, कृषक कल्याण मंच, समाचार पत्र विक्रेता मंच, चाय विक्रेता मंच और हरे राम हरे कृष्ण मंच-के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि क्लब के सभी पदाधिकारी प्रतिदिन अपने-अपने घरों की छत पर पानी और अनाज से भरा मिट्टी का टिकोरा रखेंगे, ताकि पंछियों को जल और भोजन मिल सके। इसके साथ ही सप्ताह में एक दिन जरूरतमंद लोगों के बीच शीतल पेयजल और कपड़े की थैली का वितरण भी किया जाएगा।

## रांची सदर अस्पताल में 300 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** रांची जिले में चल रहे टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सोमवार को रांची सदर अस्पताल में 300 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित किया गया। यह किट स्वयंसेवी संस्था आरके एचआईवी की ओर से सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार और जिला टीबी (यक्ष्मा) पदाधिकारी डॉ. सिद्धेश्वर बास्की के हाथों मरीजों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि टीबी मरीजों के उपचार के साथ-साथ उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना भी बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि उनका स्वास्थ्य तेजी से बेहतर हो सके। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम), जिला कार्यक्रम समन्वयक राकेश कुमार राय, पीपीएम फजले, डीपीएस, एसटीएस सहित अन्य टीबी कार्यक्रम से जुड़े कर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि स्वयंसेवी संस्था आरके एचआईवी की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी टीबी मरीजों को नियमित रूप से पोषण किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे मरीजों को उपचार के दौरान आवश्यक पोषण मिल सके।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वर्णिम कला कुंज मंच की काव्य गोष्ठी आयोजित

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वर्णिम कला कुंज मंच द्वारा नारी मन की भावनाओं और विचारों को अभिव्यक्त करने के लिए काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच की संस्थापिका डॉ. रजनी शर्मा चंदा ने मंत्रोच्चारण और सरस्वती वंदना के साथ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुरिंदर कौर नीलम ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुनील कुमार, रेनू झा रेणुका, पुष्पा सहाय गिन्नी, रेणु त्रिवेदी मिश्रा और श्वेता कुमारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन रुचि पांडे ने किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. सुरिंदर कौर नीलम ने कहा कि नारी सृष्टि की जननी है, लेकिन समाज के संतुलित विकास के लिए स्त्री और पुरुष दोनों की समान भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी प्रगति सराहनीय है, परंतु समाज में पुरुषों की मानसिकता में भी सकारात्मक बदलाव आवश्यक है। उन्होंने अपनी भावुक रचना मत मारो आधी खिली बेटियां, किस्मत से मिलती हैं बेटियां सुनाकर उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। काव्य गोष्ठी में विभिन्न रचनाकारों ने नारी जीवन से जुड़े संवेदनशील और विचारोत्तेजक विषयों पर अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। श्वेता कुमारी ने समाज में महिलाओं की स्थिति पर सवाल उठाते हुए मार्मिक कविता प्रस्तुत की। पुष्पा सहाय गिन्नी ने कहा कि भले ही नारी को स्वतंत्र कहा जाता है, लेकिन कई बार वह अपने ही घर में बंधनों का सामना करती है। रेणु मिश्रा ने अपनी गजल के माध्यम से नारी के त्याग और संवेदनशीलता को व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रुचि पांडे ने गीत के माध्यम से स्त्री-पुरुष संबंधों की संवेदनशीलता को व्यक्त किया। रेनू झा रेणुका ने नारी सम्मान और मयार्दा पर आधारित अपनी रचना प्रस्तुत की। वहीं डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि समाज में हर महिला का सम्मान करना आवश्यक है और शास्त्रों में भी नारी सम्मान को सर्वोच्च स्थान दिया गया है।

### एसबीयू में पांच दिवसीय एफडीपी का शुभारंभ

# समय के साथ हमें अप-टू-डेट रहना होगा : डॉ विनोद के शर्मा

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव क्षमताओं को बढ़ाने का कार्य करता है, न कि मानव रोजगार को समाप्त करने का। समय के साथ हमें अप-टू-डेट रहना होगा, जिससे हम परिवर्तनों के साथ कदमताल कर सकें। आज के युवा कई मायनों में अपनी पिछली पीढ़ियों से अलग हैं। अतः परिवर्तन को ग्रहण करना और इसका वाहक बनना समय की मांग है। यह बातें सोमवार को आदित्य बिरला ग्रुप (कॉरपोरेट अफेयर्स) के अध्यक्ष डॉ विनोद के शर्मा ने कही। वे आज सरला बिरला विश्वविद्यालय में 'एआई एंड एमएल फॉर एजुकेटर्स' विषय पर आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। आने वाले समय में निश्चित तौर पर एआई और एमएल का महत्व और बढ़ेगा। झारखंड स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल के सहयोग से झारखंड स्टेट फैकल्टी डेवलपमेंट एके-डमी और डिपार्टमेंट ऑफ हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन के आयोजन तले इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डिपार्टमेंट ऑफ हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन की उपनिदेशक डॉ. विभा पांडेय ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों का क्षमता विकास करना है। उन्होंने बताया कि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा एआई एवं एमएल के क्षेत्र में कई प्रशिक्षण कार्यक्रम और शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. एस.बी. दांडिन ने कहा कि एआई एवं एमएल जैसे अत्याधुनिक विषयों पर आयोजित यह कार्यक्रम शिक्षकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस पहल के लिए झारखंड स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी पाँच दिनों में प्रतिभागियों को इन उभरती तकनीकों के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त होगी। एसबीयू के कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने अपने संबोधन में कहा कि सरला बिरला विश्वविद्यालय में इस महत्वपूर्ण फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन होना गर्व की बात है। उन्होंने विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग हमारे दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। यह कार्यक्रम शिक्षकों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से समृद्ध कर शिक्षण की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने कहा कि एआई एवं एमएल भविष्य की महत्वपूर्ण तकनीकें हैं। उन्होंने बताया कि एआई की आधारशिला जॉन मैकार्थी द्वारा रखी गई थी, जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जनक माना जाता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि एआई और मशीन लर्निंग के लिए डेटा अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इन तकनीकों के माध्यम से स्वास्थ्य, कृषि और समाज से जुड़े कई जटिल समस्याओं का समाधान संभव है।

# हंस वाहिनी महिला समिति ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आदित्यपुर-2 स्थित एलआईजी फ्लैट मैदान में हंस वाहिनी महिला समिति ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस उत्सव में क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई। कार्यक्रम समिति की अध्यक्ष अर्चना मिश्रा और मीनू सिंह के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर अर्चना मिश्रा ने नारी शक्ति पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी का स्थान सदैव पूजनीय रहा है। जहां नारियों की पूजा और सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। उन्होंने जोर दिया कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी योग्यता साबित कर रही हैं। समाज को सशक्त बना रही हैं। मीनू सिंह ने कहा कि आज की महिला किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। घर की चारदीवारी से लेकर अंतरिक्ष तक महिलाओं ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। उत्सव के दौरान समिति द्वारा सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य भी किए गए, जिसके तहत गायत्री परिवार से जुड़ी पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समिति के एक्टिव मेम्बर्स को उपहार प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से केक काटकर एक-दूसरे को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कई अन्य मनोरंजक और प्रेरणादायक कार्यक्रम भी आयोजित हुए, जिसमें स्थानीय महिलाओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में समिति के सदस्यों ने शपथ ली कि वे समाज के हर वर्ग की महिलाओं को जागरूक करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करती रहेंगी। इस अवसर पर एलआईजी फ्लैट क्षेत्र की दर्जनों महिलाएं और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की।

# नवजात का शव डिब्बे में ले जाने के मामले में एसडीओ ने की जांच

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में नवजात शिशु के शव को गत्ते के डिब्बे में ले जाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने जांच का आदेश दिया है। उपायुक्त ने सोमवार को मामले की जांच चक्रधरपुर की अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) को सौंप दिया है। जांच की जिम्मेदारी मिलने के बाद एसडीओ श्रुति राजलक्ष्मी चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल पहुंचीं और मामले से जुड़े डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों से पूछताछ किया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की। एसडीओ ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन का पक्ष जानने का प्रयास किया गया है और जांच पूरी कर रिपोर्ट उपायुक्त को सौंप दी जाएगी। बताया जा रहा है कि कराईकेला थाना क्षेत्र के बंगरासाई गांव निवासी रामकृष्ण हेम्ब्रम अपनी पत्नी रीता तिरिया को प्रसव के लिए शनिवार को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल लेकर गए थे। प्रसव के बाद कुछ ही देर में नवजात की मौत हो गई। इसके बाद पिता रामकृष्ण हेम्ब्रम अपने मृत नवजात के शव को गत्ते के डिब्बे में रखकर गांव ले गए थे। मामला सामने आने के बाद परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल की ओर से शव को घर तक ले जाने के लिए एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। इस घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। डॉक्टरों ने जांच के दौरान एसडीओ को बताया कि महिला रीता तिरिया पहले से ही कई बीमारियों से ग्रसित थी और उसने मृत बच्चे को जन्म दिया था।

## संक्षिप्त

### उपायुक्त व एसएसपी ने की न्यायाधीश से शिष्टाचार मुलाकात



**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सोमवार को धनबाद के नए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश निकेश कुमार सिन्हा से उनके कार्यकाल में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश का स्वागत किया।

### लोजपा (आर) के लेबर सेल के विस्तार पर बनी सहमति



**धनबाद।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के लेबर सेल के विस्तार को लेकर सहमति बनी। संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई। लोजपा (आर) लेबर सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पासवान ने कहा कि संगठन को मजबूत करते हुए श्रमिकों के हित में लगातार काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्टी का उद्देश्य मजदूरों की समस्याओं को उठाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। श्री पासवान ने कहा कि लेबर सेल के विस्तार से संगठन जमीनी स्तर तक पहुंचेगा और श्रमिकों की आवाज को मजबूती मिलेगी। साथ ही मजदूरों से जुड़े मुद्दों को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

### हत्या कर फेंका हुआ महिला का शव बरामद

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत जेजे कॉलेज के समीप एक बाउंड्री के अंदर सोमवार को एक महिला का अर्धनग्न अवस्था में शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार आसपास के लोगों को बाउंड्री के पीछे से तेज दुर्गंध आ रही थी। संदेह होने पर जब लोग वहां जाकर देखे तो एक महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में पड़ा मिला। इसके बाद लोगों ने तुरंत कोडरमा थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी विकास पासवान दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुमला।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय में 8 मार्च 2026 को सजावटी मछली पालन एवं प्रबंधन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ के सहयोग से ए.सी.-एस.पी. परियोजना के अंतर्गत आयोजित है। इसमें लातेहार के मत्स्य कृषकों ने भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम में भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ से प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार पाठक और वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी (एससी-एसपी) डॉ. पूनम जयंत सिंह उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त श्रीमती दिव्या गुलाब बा (सहायक मत्स्य निदेशक), श्रीमती कुसुमलता (जिला मत्स्य पदाधिकारी), श्रीमती सीमा टोप्पो (जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा) और स्वर्णलता मधु लकरा (जिला मत्स्य पदाधिकारी, लातेहार) भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

महाविद्यालय के सह-अधिष्ठाता डॉ. ए.के. सिंह ने झारखंड में सजावटी मछली पालन की अपार संभावनाओं और इससे आजीविका सृजन के अवसरों, विशेषकर महिलाओं के लिए, पर प्रकाश डाला। सभी वक्ताओं ने समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुति भी दी गई। वर्ष 2026-27 के लिए कार्ययोजना पर चर्चा करने और उसे तैयार करने के लिए एक आधिकारिक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में स्थापित अत्याधुनिक चारा परीक्षण प्रयोगशालाह्व का भी उद्घाटन किया गया। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रसान्त जना ने धन्यवाद किया।

यह कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापिका डॉ. कस्तूरी चट्टोपाध्याय के नेतृत्वक में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. ओम प्रवेश कुमार रवि, डॉ. श्वेता कुमारी, डॉ. के.एस. विजडम, डॉ. प्रशांत जना, डॉ. तशोक लेया, डॉ. स्टैनज़िन गावा, डॉ. मनमोहन कुमार, डॉ. आनंद वैष्णव एवं डॉ. मोहम्मद अशरफ मलिक सहित सभी गैर-शैक्षणिक कर्मचारी, संजय नाथ पाठक भी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर



**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय राजस्व एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित समीक्षा बैठक उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में हुई। इसमें जिले में संचालित विभिन्न राजस्व कार्यों एवं पीएम किसान योजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, भूमि उप समाहर्ता, रंका प्रमेश कुशवाहा, भूमि उप समाहर्ता, गढ़वा रविश राज सिंह सहित जिले के सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यों की क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने सीएस-आरएस सर्वे रिपोर्ट, जनता दरबार से संबंधित मामलों, जिला एवं अंचल स्तर पर म्यूटेशन की प्रगति, सू-मोटो म्यूटेशन, पार्टिशन म्यूटेशन तथा सक्सेशन म्यूटेशन के मामलों की स्थिति की जानकारी ली। इसके साथ ही भूमि सीमांकन, परिशोधन, भूमि अधिग्रहण से संबंधित म्यूटेशन, डीसीएलआर अपील तथा ई-रेवेन्यू कोर्ट से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा आम नागरिकों को राजस्व सेवाओं का लाभ निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने प्रमाण पत्र निर्गमन, राजस्व संग्रहण एवं राहत से जुड़े मामलों की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता बनाए रखने का निर्देश दिया। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करते हुए सभी पात्र लाभुकों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य आम जनता को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिसके लिए सभी पदाधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक में उपायुक्त श्री यादव ने राजस्व प्रशासन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

## प्रयोगशाला प्राविधिक की आकस्मिक मृत्यु पर शोक सभा



**देवघर।** मधुपुर अनुमंडल अस्पताल में अनुबंध पर कार्यरत प्रयोगशाला प्राविधिक की आकस्मिक मृत्यु पर झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सदर अस्पताल के सभागार में उपाधीक्षक डॉक्टर सुषमा वर्मा के अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया। सदर अस्पताल के कर्मचारियों ने मृतक मंजीत कुमार के आत्मा की शांति के दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में डॉक्टर परमजीत कौर, मनोज कुमार मिश्र, संजीव कुमार, अंजन दुबे,संजीव कुमार मिश्र, विश्वनाथ बक्शी, पारस नाथ अंबे, अनिल कुमार गुप्ता, विभूति कुमार, आलोक कुमार,प्रमोद सोरेन, मुजफ्फरूल हक,निरंजनपासवान,अनिल कुमार यादव, अनुपम सिंह, अनिता कुमारी, बबलू दास,मीना कुमारी, अमित कुमार, अजित दुबे, कपिल कुमार, राजीव रंजन, अक्षय तिवारी, विवेक कुमार, पिंटू कुमार पुष्पा कुमारी, वृंदा कुमारी, जुली कुमारी, रवि कुमार मौजूद थे।

## छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**देवघर।** देवीपुर प्लस टू उत्क्रमित मध्य विद्यालय केंदुआ में सोमवार को कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं प्राचार्या के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफल बनाने का कार्य किया गया। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए दिशा निर्देश दिया। विद्यालय के कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्रों मौजूद थे।

# रंगदारी को लेकर मारपीट के मामले में आरोपित की पुलिस ने कराई परेड

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** धनबाद थाना क्षेत्र के बरटांड़ के समीप मीट हाउस में बीते 27 फरवरी को रंगदारी को लेकर संचालक से जमकर मारपीट की गई थी। जिसमे दुकान संचालक गम्भीर रूप से घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया था। वहीं मारपीट का पूरा घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार मंगल सिंह के बयान पर धनबाद थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। इस मामले में पुलिस ने कुल पांच लोगों को आरोपी बनाया है, जिनमें से एक आरोपित को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। वहीं, मारपीट के उक्त घटना का मुख्य आरोपित रौशन सिंह की गिरफ्तारी के लिये पुलिस छापेमारी कर रही थी। रौशन सिंह आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। गिरफ्तारी के बाद सोमवार की शाम पुलिस ने रोशन सिंह की सरेआम परेड कराई। पुलिस ने उसे सिटी सेंटर से मधुलिका होटल तक पैदल घुमाया। धनबाद थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि इस कार्रवाई का उद्देश्य यह संदेश देना है।

# महिला दिवस पर डायट चाकुलिया में 10 उत्कृष्ट शिक्षिकाएं सम्मानित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** जिले के चाकुलिया स्थित जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। अतिथियों को टीका-अक्षत लगाकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डायट के प्रभारी प्राचार्य रामनाथ सिंह ने महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर समाज को नई दिशा दे रही हैं और शिक्षा के माध्यम से आने वाली पीढ़ी को भी सशक्त बना रही हैं। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से अपने-अपने विद्यालय और क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक कार्य, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा के प्रति समर्पित योगदान के लिए कुल 10 शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

# पैसे के लिए युवती की हत्या कर आरोपित ने कुएं में फेंका शव, गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**दुमका।** पैसे के लिए 28 वर्षीय युवती की गला दबाकर हत्या कर शव को कुएं में फेंक देने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित जागेश्वर मरांडी के निशानदेही पर ही युवती के शव को मुफस्सिल थाना की पुलिस ने बागझोपा गांव के एक कुएं से बरामद कर लिया है। यह घटना 10 फरवरी को मुफस्सिल थाना अन्तर्गत टीकापहाड़ी गांव की है। जानकारी के अनुसार मृतका सरोधनी हेम्ब्रम टीकापहाड़ी गांव की रहने वाली थी और आरोपित युवक भी उसी गांव का निवासी है। युवक युवती को दीदी बोला करता था। युवती दैनिक मजदूरी किया करती थी। वह काम के सिलसिले में अक्सर पश्चिम बंगाल सहित अन्य प्रदेश भी जाती थी। युवती अपने कमाए रूपयों को अकाउंट में रखा करती थी। युवती के अकाउंट में काफी रूपए थे। इस बात की भनक युवक को लग गई थी। वह युवती के अकाउंट से रूपए लेने के लिए साजिश रचने लगा। आरोपी युवक जागेश्वर मरांडी ने 10 फरवरी को युवती को किसी काम का हवाला देते हुए सुनसान इलाके में बुलाया। युवती युवक पर काफी भरोसा करती थी। उसके बुलावे पर वह सुनसान इलाके में पहुंच गई। युवक ने किसी तरह से युवती के मोबाइल को हासिल किया और उससे फोन-पे के पासवर्ड जानने का प्रयास करने लगा। युवती को संदेह हुआ। वह पासवर्ड बताने को तैयार नहीं हुई। आवेश में युवक ने युवती की पिटाई शुरू कर दी। पिटाई के बाद उसने किसी तरह से उसके फोन पे के पासवर्ड जान लिया। पासवर्ड पता लगते ही युवक ने युवती के अकाउंट से एक लाख रूपया अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लिया। रूपए टांसफर होने के बाद उसने युवती की हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया। घटना को अंजाम देने के बाद युवक गांव में ही रहने लगा था। इधर, परिजन युवती की तलाश अपने स्तर से कई जगहों पर की, लेकिन वह नहीं मिली। युवती के नहीं मिलने पर परिजनों ने अंत में 20 फरवरी को मुफस्सिल थाना में सनहा दर्ज कराई। सनहा दर्ज होने के बाद पुलिस भी अपने स्तर से छानबीन करने में जुट गई।

# पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया कथामंडप का उद्घाटन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** जिला मुख्यालय से सटे ग्राम जोबरईया के बंडा पहाड़ स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय विराट श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ जलयात्रा के साथ हुआ। महायज्ञ के यज्ञाधीश आचार्य आशीष वैद्य महाराज के सानिध्य तथा प्रधान संयोजक राकेश पाल की उपस्थिति में निकली जलयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे क्षेत्र में भक्ति व श्रद्धा का माहौल बना रहा। संध्या में श्री अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पंडित पंकज शांडिल्य महाराज के मुख से श्रीराम कथा अमृतवर्षा का संगीतमय प्रवचन शुरू हुआ। कथा प्रारंभ होने से पूर्व भव्य कथामंडप का उद्घाटन झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि संजय कुमार पांडेय ने प्रधान संयोजक राकेश पाल की उपस्थिति में संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि महायज्ञ जैसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक जागृति और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने जागृति युवा क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक व धार्मिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने कर्म के प्रति सजग रहना चाहिए। कर्मठता ही जीवन को सुखद बनाती है और अध्यात्म हमें मानसिक शांति की ओर ले जाता है। यज्ञाधीश आचार्य आशीष वैद्य महाराज ने सनातन संस्कृति में महायज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रधान संयोजक राकेश पाल ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। कथा व्यास पंडित पंकज शांडिल्य महाराज ने वंदना के साथ प्रथम दिवस की कथा का प्रारंभ करते हुए कहा कि राम कथा मुक्ति का मार्ग है। परमात्मा की दो शक्तियां भक्ति और माया हैं। जो भक्ति का मार्ग अपनाते हैं उनका जीवन सुखमय होता है, जबकि माया के मार्ग पर चलने वाले सांसारिक बंधनों में उलझे रहते हैं। कार्यक्रम में गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, महायज्ञ आयोजन समिति सह जागृति युवा क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पाल, वरिष्ठ पत्रकार विनोद पाठक सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य मनोज ठाकुर, कृष्ण गौशाला से शिव शंकर गुप्ता, मानस मंडली इकाई गढ़वा के द्वारकानाथ पांडेय, अनुज प्रसाद, बुद्धदेव पाल, अजय केसरी समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# पीएम विश्वकर्मा कारीगरों के लिए प्रदर्शनी सह व्यापार मेला आयोजित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** एमएसएमई विकास कार्यालय, धनबाद ने देवघर के शिवलोक मैदान में 7 मार्च से पीएम विश्वकर्मा कारीगरों के लिए प्रदर्शनी सह व्यापार मेला का आयोजन किया। इसका समापन 9 मार्च को संपन्न हुआ। मेले के दौरान देवघर एवं आसपास जिलों से आए पीएम विश्वकर्मा कारीगरों ने अपने उत्पादों को प्रदर्शित किया। मेले में लगाये 60 स्टॉल से लगभग 2000 से 10000 तक के उत्पादों की बिक्री हुई। समापन समारोह के दौरान एमएसएमई विकास कार्यालय के सहायक निदेशक सुजीत कुमार और जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक आनंद मोहन, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के अमरेंद्र कुमार सीनियर मैनेजर और डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर नीरज कुमार ने सभी पीएम विश्वकर्मा कारीगरो को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# उपायुक्त ने की राजस्व संग्रहण की समीक्षा, वसूली में तेजी का निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पलामू।** उपायुक्त समीरा एस ने सोमवार को राजस्व वसूली की समीक्षा की। चालू वित्तीय वर्ष में प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध वसूली की जानकारी ली गयी। उन्होंने कर्मियों को लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया। वहीं खनन विभाग की समीक्षा में सामने आया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत 58433.31 लाख रुपये वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध अबतक 14517.10 लाख रुपये की वसूली की गयी है। डीसी ने खान निरीक्षक को राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही रॉयल्टी और पेनाल्टी का अलग से डेटा उपलब्ध करने को कहा। परिवहन विभाग को वित्तीय वर्ष में 7608.30 लाख रुपये वसूली का लक्ष्य दिया गया था, इसके विरुद्ध अबतक 7587.61 लाख रुपये की वसूली की गयी है। मोटरयान निरीक्षक पलामू ने 04 करोड 49 लाख रुपये की वसूली लक्ष्य के विरुद्ध 02 करोड 96.08 लाख रुपये वसूली की है। उत्पाद अधीक्षक ने उपायुक्त को बताया कि उत्पाद विभाग को 16 अरब 75 करोड 09 लाख 50 लाख रुपये वसूली का वार्षिक लक्ष्य दिया गया था। इसके विरुद्ध फरवरी माह तक 14 अरब 81 करोड 02 लाख 88 हजार रुपये की वसूली कर ली गयी है। मेदिनीनगर नगर निगम को 15अरब 60 करोड 55 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य है जिसके विरुद्ध अबतक 11 अरब 85 करोड 76 लाख रुपये की वसूली की गयी है जो प्राप्त लक्ष्य का 76 प्रतिशत है। अवर निबंधन, राष्ट्रीय बचत विभाग, विद्युत आपूर्ति विभाग की भी समीक्षा की गयी। बैठक में भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारिज, सकसेशन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन और भूमि सीमांकन की भी समीक्षा की गयी। सभी सीओ को निर्धारित समय में म्यूटेशन के मामलों को निष्पादन करने पर बल दिया गया। 2025-26 में प्राकृतिक आपदाओं और राज्य स्तरीय अधिसूचित आपदाओं से प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृती से संबंधित रिपोर्ट, ई-रेवेन्यू कोर्ट का स्टेटस, लैंड डीमारकेशन, झारखंड लगान कलेक्शन की भी समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त के अलावा अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, हुसैनाबाद एसडीओ, सहायक समाहर्ता, तीनों भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अंचल अधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पूर्वी सिंहभूम के हल्दीपोखर बाजार में ग्रामीणों ने दो संदिग्ध बाइक चोरों को पकड़ा, पुलिस को सौंपा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हल्दीपोखर मुख्य बाजार में सोमवार को ग्रामीणों की सतर्कता से दो संदिग्ध बाइक चोरों को पकड़ लिया गया। ग्रामीणों ने दोनों की पहले पिटाई की और बाद में उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, तेंतला गांव निवासी अनील सरदार की होंडा स्प्लेंडर बाइक शनिवार को हल्दीपोखर के साप्ताहिक हाट से चोरी हो गई थी। बाइक चोरी होने के बाद अनील सरदार ने इसकी लिखित शिकायत कोवाली थाना में दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। सोमवार को दो युवक उसी चोरी हुई बाइक से हल्दीपोखर बाजार पहुंचे। इस दौरान बाइक का नंबर प्लेट हटाया हुआ था। बाजार में मौजूद बाइक मालिक अनील सरदार और उसके दोस्तों ने गाड़ी को पहचान लिया। उन्होंने दोनों युवकों को रोककर बाइक के कागजात दिखाने को कहा, लेकिन वे कोई वैध कागजात नहीं दिखा सके।

## संक्षिप्त

### बच्चा चोर की अफवाह पर वृद्ध महिला की पिटाई, गंभीर

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के चक्रधरपुर प्रखंड के हाथिया पंचायत अंतर्गत रामडा गांव में सोमवार को बच्चा चोरी की अफवाह के कारण ग्रामीणों ने एक वृद्ध महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को एक अज्ञात वृद्ध महिला रामडा गांव पहुंची थी। गांव में उसके आने के बाद कुछ लोगों को उस पर बच्चा चोरी करने का संदेह हुआ। देखते ही देखते यह बात पूरे गांव में फैल गई और अफवाह का रूप ले लिया। इसके बाद कई ग्रामीण इकट्ठा हो गए और महिला को घेरकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान महिला के शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। ग्रामीणों का आरोप था कि महिला गांव में बच्चा चोरी करने के इरादे से आई थी। हालांकि जब लोगों ने उससे पूछताछ की तो वह अपने बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सकी, जिससे संदेह और बढ़ गया। घटना की सूचना मिलने के बाद चक्रधरपुर थाना प्रभारी अवधेश कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला को भीड़ से सुरक्षित निकालकर पीसीआर वैन से चक्रधरपुर थाना लाया। इससे पहले पुलिस ने महिला को इलाज के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भी भेजा, जहां उसका उपचार कराया गया।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन नाबालिग घायल, रेफर

**बरही (हजारीबाग)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डीवीसी के नजदीक सुबह करीब 9 :30 बजे हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में पीयूष कुमार पिता सुदीप यादव, बंटी कुमार पिता स्व सुनील गिरी एवं अभिषेक गिरी पिता स्व सुदीप गिरी शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों बाइक पर सवार पड़ीरमा से बरही की ओर आ रहे थे, इसी क्रम में सड़क के किनारे खड़ी एक अशोक लीलैंड ट्रक जिसकी संख्या जेएच02बीपी 6945 खड़ी थी। जिसमें बाइक सवारों ने टक्कर मार दी। घटना के बाद सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# डायन प्रथा का उन्मूलन जरूरी, कई परिवार हो रहे प्रभावित : डॉ ताराचंद

**छूटे हुए व्यक्ति फाइलेरिया की प्रतिरोधक खुराक लें**

**खरीफ फसल की खेती के लिए अभी से बनाएं योजना**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




लोहरदगा। उपायुक्त डॉ ताराचंद ने आज पंचाइत कर गोइठ कार्यक्रम के 26वें संस्करण में सभी मुखियाजनों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि महिलाओं को डायन कह कर और पुरूषों को बिसाहा कह कर अभी भी प्रताड़ित करने की घटनाएं सामने आ रही हैं। यह बहुत ही दुखद है कि लोगों को इतनी बार जागरूक किये जाने के बाद भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। जबकि किसी महिला का डायन और पुरूष का बिसाहा होना बहुत बड़ा अंधविश्वास है।

सभी मुखिया अपने-अपने पंचायत में ऐसी भ्रांतियों को दूर करें। अगर गांव/पंचायत में किसी महिला या पुरूष के बारे ऐसी चर्चा होती है तो इसकी सूचना जिला प्रशासन को अवश्य दें, आपकी सूचना गोपनीय रखी जाएगी। साथ ही दोषियों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया के लिए डीईसी और कृमिनाशक के रूप में अल्बेंडाजोल की खुराक लेना अतिआवश्यक है। एमडीए कार्यक्रम 25 मार्च 2026 तक चलेगा जिसमें छूटे हुए व्यक्ति उक्त खुराक ले सकते हैं। सिर्फ गर्भवती महिलाएं, अत्यंत गंभीर रूप से बीमार और दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे ही इस खुराक को नहीं ले सकते हैं।

वैसे लोग जो अभी भी इस दवा का सेवन नहीं किये हैं उन्हें चिन्हित कर संबंधित मुखिया प्रेरित करें! दवा की खुराक दिलाएं। फाइलेरिया ऐसी बीमारी है जिसका प्रसार एक बार व्यक्ति के शरीर में हो जाए तो वह कभी भी ठीक नहीं हो सकता है। सिर्फ इसके लिए दवा का पूर्व सेवन ही जरूरी होता है।

उपायुक्त ने कहा कि जिन किसानों के पास अभी भी धान बचा हुआ है! वे अपना धान सरकार को बेचना चाहते हैं वैसे किसान अभी भी अपना धान अपने नजदीकी लैम्पस में जा कर बेच सकते हैं। किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा। साथ ही, इस वर्ष के खरीफ फसल की बेहतर पैदावार के लिए सभी मुखिया अपने किसानों के साथ लैम्पस/पैक्स के साथ बैठक कर अपनी योजना बनाएं। उपायुक्त ने कहा कि जिन पंचायतों में चापाकल खराब हैं उससे संबंधित सूची सभी मुखियागण उपलब्ध कराएं। सभी खराब चापाकलों की मरम्मती करायी जाएगी। जिन गांवों/पंचायतों में बिजली की समस्या है इसकी सूचना त्वरित विद्युत प्रमण्डल को दें।

## ग्रामीणों ने खराब डीप बोरिंग को विधायक और उपायुक्त से की ठीक कराने की मांग



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बोडाम प्रखंड अंतर्गत बोटा पंचायत के कदोगोडा (बोटा गांव) स्थित माझी टोला के ग्रामीणों को पिछले कई वर्षों से पीने के पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में सोमवार को टोला के ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक और उपायुक्त को आवेदन देकर खराब पड़े डीप बोरिंग की मरम्मत कराकर जल्द से जल्द पीने के पानी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि कदोगोडा के माझी टोला में लगभग 16 अनुसूचित जनजाति (सांवताल) परिवार रहते हैं। सरकार की ओर से चार वर्ष पूर्व यहां सोलर सिस्टम के साथ पानी की टंकी और डीप बोरिंग का निर्माण कराया गया था, ताकि टोला के सभी घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा सके। लेकिन निर्माण कार्य अधूरा ही छोड़ दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि बोरिंग का गड्ढा तो खोद दिया गया, लेकिन उसमें मशीन और पाइप नहीं लगाया गया, जिससे आज तक उस डीप बोरिंग से पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। ग्रामीणों के अनुसार अधूरा पड़े बोरिंग गड्ढे में पानी भर गया है, लेकिन मशीन और पाइप नहीं होने के कारण उसका कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है।

नतीजतन टोला के लोगों को आज भी पीने के पानी के लिए जंगल के अंदर स्थित एक झरना (तुडिया) पर निर्भर रहना पड़ रहा है। वहां ग्रामीणों ने अस्थायी रूप से एक छोटी हाड़ी (बाड़ी) बनाकर पानी जमा करने की व्यवस्था की है और उसी पानी का उपयोग पीने और घरेलू कामों के लिए करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि झरने का पानी स्वच्छ नहीं होने के कारण अक्सर बच्चे और बड़े बीमार पड़ जाते हैं। इसके अलावा झरना गांव से काफी दूर जंगल के अंदर स्थित है, जिससे खासकर महिलाओं और बच्चियों को पानी लाने में काफी परेशानी और जोखिम का सामना करना पड़ता है। बरसात और गर्मी के मौसम में स्थिति और भी अधिक गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने विधायक मंगल कालिंदी से मांग की है कि कदोगोडा (बोटा गांव) के माझी टोला में बने डीप बोरिंग में मशीन और पाइप लगाकर उसकी मरम्मत कराई जाए तथा सोलर सिस्टम को चालू कर पेयजल आपूर्ति शुरू कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं की गई तो गांव के लोगों को पानी के संकट के साथ-साथ बीमारियों का भी खतरा बना रहेगा।

## डीसी ने किया पर्यटन स्थल खैवा बंदारू जलप्रपात का निरीक्षण

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**चतरा।** जिले में पर्यटन के विकास और संभावनाओं की तलाश करने के उद्देश्य से सोमवार को उपायुक्त कीर्तिश्री ने चतरा और लावालौंग सीमा पर स्थित प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर पर्यटन स्थल खैवा बंदारू जलप्रपात का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जरूरी आधारभूत सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया। खैवा बंदारू जलप्रपात निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए वहां जरूरी मूलभूत व्यवस्थाओं का आकलन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पहुंच पथ की मरम्मती कराने और पर्यटकों के बैठने के लिए बनाए गए क्षतिग्रस्त शेड की मरम्मती और आवश्यकतानुसार नए शेड के निर्माण की दिशा में जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को विकसित कर जिले में पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ाया जा सकता है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। खैवा बंदारू जलप्रपात जाने के क्रम में उपायुक्त ने बाजार टांड़ स्थित आंगनवाड़ी केंद्र भगवनिया का भी निरीक्षण किया और वहां संचालित योजनाओं की जानकारी ली।

## शराबी पति से तंग दो बच्चों की मां ने लगाई फांसी शराब के लत से दो बच्चे हुए मां के बिना अनाथ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**बरही (हजारीबाग)।** शराबी पति से तंग आकर दो बच्चों की मां ने रविवार रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर अपना जीवन लीला समाप्त करने की सनसनीखेज मामला सामने आया है जिसके कारण शराब की बुरी लत से दो बच्चे हुए मां के बिना अनाथ। यह मामला बरही थाना क्षेत्र के दुलमाहा गांव है। जहां दो बच्चों की मां ने रविवार रात को शराबी पति के प्रताड़ना से तंग आकर सुने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला जिस समय फांसी लगाई उस समय उनके घर के परिवार पड़ोसी के यहां शादी समारोह में गए हुए थे। परिजनों को जानकारी होते ही आनन फानन में इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। विवाहिता के मौत के बाद ससुराल वाले शव छोड़ फरार हो गए।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के मुताबिक बरही थाना क्षेत्र के दुलमाहा गांव के रहने वाले इंद्रदेव राम के पुत्र विकास राम शराब के लत होने के कारण दोनों पति-पत्नी में विवाद होते रहता था।

## वार्ड-7 से निर्वाचित पार्षद के जाति प्रमाण पत्र की जांच की मांग



**पूर्वी सिंहभूम।** मानगो नगर निगम चुनाव 2026 के बाद अब वार्ड संख्या-07 से निर्वाचित पार्षद के जाति प्रमाण पत्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस संबंध में मोहम्मद असगर अहमद ने सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि मानगो नगर निगम का चुनाव 23 फरवरी 2026 को संपन्न हुआ था और 27 फरवरी 2026 को इसके परिणाम घोषित किए गए थे। परिणाम के अनुसार वार्ड संख्या-7 से अशोक कुमार निर्वाचित घोषित किए गए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वार्ड संख्या-7 की सीट अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षित थी, जबकि निर्वाचित प्रत्याशी अशोक कुमार के पास जो जाति प्रमाण पत्र है, वह दर्जी जाति का बताया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि यदि आरक्षित सीट से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी के पास संबंधित श्रेणी का वैध जाति प्रमाण पत्र नहीं है, तो यह निर्वाचन नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। ऐसे में इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सक्षम स्तर से जांच कराई जानी चाहिए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि जांच में प्रमाण पत्र को लेकर किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो निर्वाचन नियमों के अनुसार उचित कार्रवाई की जाए।

# रक्तदान से आत्म संतुष्टि के साथ सेहत के लिए भी लाभदायक : कमांडेंट

**कोबरा 203 में कोबरा अधिकारियों ने किया रक्तदान**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**बरही (हजारीबाग)।** सीआरपीएफ के 87 में स्थापना दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 203 कोबरा मुख्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में कैंप परिसर में निवासरत अधिकारी, जवान एवं उनके परिवार के कुल 25 सदस्यों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। उक्त रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना और कैंप परिसर में आस पास रहने वाले लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर कमांडेंट (पीएमजी) पवन कुमार सिंह एवं उनकी पत्नी अनुपमा सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार एवं उनकी पत्नी श्वेता कुमारी, द्वितीय कमान अधिकारी गंगावने कैलाश संभाजी एवं उनकी पत्नी सविता संभा जी, उप कमांडेंट प्रवीण कुमार तथा उनकी पत्नी नीतू, एवं उप कमांडमेंट विक्रांत कुमार ने मुख्य रूप से अपना-अपना रक्तदान किया और अन्य जवानों के लिए प्रेरित किया। इस रक्तदान शिविर में चार महिलाओं ने भी रक्तदान कर यह साबित किया कि महिलाएं भी रक्तदान कर समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकती हैं। उक्त रक्तदान शिविर में कमांडेंट (पीएमजी) पवन कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है और इससे कई जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिल सकता है। जिसके लिए सभी अधिकारियों, जवानों एवं उनके परिवार के सदस्यों को समय-समय पर रक्तदान करनी चाहिए। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के द्वारा भी रक्तदान करना अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा है। महिलाएं भी रक्तदान कर कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकती है । रक्तदान करते हुए अनुपमा सिंह ने कहा कि नियमित रक्तदान करने से जरूरतमंद को रक्त की व्यवस्था तो होता ही है, इसके साथ ही रक्तदान करने से शरीर भी स्वस्थ रहता है।

# चलती वंदे भारत ट्रेन के सामने कूदकर युवक ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र में सोमवार को एक युवक ने चलती वंदे भारत ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना कदमा-नावाटांड रेलवे ट्रैक के पास हुई। मृतक की पहचान नावाटांड निवासी ईश्वर राम के रूप में की गई है। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वंदे भारत ट्रेन कोडरमा से हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी। इसी दौरान कदमा-नावाटांड रेलवे ट्रैक के पास युवक अचानक ट्रेन के सामने आ गया। तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कटकमदाग थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के कारणों के बारे में स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल कटकमदाग थाना पुलिस और रेलवे पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## जड़ वस्तुओं के प्रति अत्यधिक आकर्षण से बढ़ता है अवसाद : सुनील

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से गदरा में बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान गदरा जागृति और देहात क्षेत्र में नारायण भोजन कराया गया और ग्रामीणों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आनंद मार्ग प्रचारक संघ के सुनील आनंद ने कहा कि लोगों को अधिक से अधिक कीर्तन करना चाहिए और अनन्य भाव से बाबा नाम केवलम् का कीर्तन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कीर्तन करने से मन जड़ वस्तुओं के आकर्षण से ऊपर उठता है और मानसिक शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि अवसाद (डिप्रेशन) के विभिन्न कारणों में जड़ वस्तुओं के प्रति अत्यधिक आकर्षण भी एक प्रमुख कारण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया में 34 करोड़ से अधिक लोग अवसाद से पीड़ित हैं, जबकि भारत में लगभग 5 प्रतिशत यानी करीब 6 करोड़ लोग इस समस्या से ग्रस्त हैं। सुनील आनंद ने कहा कि आज मनुष्य के जीवन जीने का ढंग बदल गया है। व्यक्ति आत्मसुख में लिप्त होकर स्वार्थी होता जा रहा है और आर्थिक विषमता के कारण समाज में बिखराव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता की आड़ में युवक-युवतियां चारित्रिक पतन की ओर बढ़ रहे हैं, जिसके कारण अंततः हताशा और निराशा पैदा होती है और व्यक्ति अवसादग्रस्त हो जाता है।

## संपादकीय

### पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव

**ईरान** और इजराइल के बीच तेजी से बढ़ता सैन्य तनाव न केवल पश्चिम एशिया, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन गया है। हाल के हमलों और जवाबी कार्रवाई ने हालात को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। इसमें अमेरिका की भागीदारी ने संघर्ष की जटिलता को और बढ़ा दिया है। ऐसे समय में यह आशंका भी बढ़ रही है कि यदि समय रहते स्थिति को नियंत्रित नहीं किया गया तो यह टकराव बड़े क्षेत्रीय युद्ध का रूप ले सकता है। इस संघर्ष की जड़ में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद है। अमेरिका और उसके सहयोगियों का आरोप रहा है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हालांकि ईरान इस आरोप से लगातार इनकार करता रहा है। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कई दौर की वार्ताएं भी हुईं, लेकिन ठोस परिणाम सामने नहीं आ सके। अब सैन्य कार्रवाई के रास्ते पर बढ़ना यह सवाल खड़ा करता है कि क्या युद्ध वास्तव में किसी स्थायी समाधान का मार्ग बन सकता है। युद्ध की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि इसका असर केवल युद्धरत देशों तक सीमित नहीं रहता। इसके दुष्परिणाम पूरे क्षेत्र और वैश्विक व्यवस्था पर पड़ते हैं। आम नागरिकों की जान-माल की हानि, बुनियादी ढांचे का विनाश और मानवीय संकट युद्ध के स्थायी परिणाम बन जाते हैं। हाल की घटनाओं में नागरिक क्षेत्रों और स्कूलों पर हमलों की खबरें इस बात का दुखद उदाहरण हैं कि युद्ध में निर्दोष लोगों को सबसे अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। इस संवेदनशील स्थिति में भारत ने संतुलित और जिम्मेदार रुख अपनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा है कि पश्चिम एशिया की स्थिति भारत के लिए चिंता का विषय है और किसी भी विवाद का समाधान सैन्य टकराव नहीं हो सकता। भारत ने सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव कम करने और संवाद तथा कूटनीति के रास्ते पर लौटने की अपील की है। भारत की यह नीति उसकी परंपरागत विदेश नीति के अनुरूप है, जिसमें शांति, सह-अस्तित्व और बातचीत के माध्यम से समाधान पर जोर दिया जाता रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता बढ़ रही है। अंतोनियो गुतारेस ने दोनों पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करने और तुरंत हिंसा रोकने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र सहित कई वैश्विक संस्थाएं यह मानती हैं कि यदि यह संघर्ष बढ़ता है तो इसके गंभीर भू-राजनीतिक और आर्थिक परिणाम सामने आ सकते हैं। इतिहास यह सिखाता है कि युद्ध अंततः समाधान नहीं, बल्कि नई समस्याओं को जन्म देता है। चाहे प्रथम विश्व युद्ध हो या द्वितीय विश्व युद्ध, इन संघर्षों ने मानवता को अपार क्षति पहुंचाई और अंत में समाधान कूटनीति और समझौतों के माध्यम से ही निकला।

# नए सीएम के सामने खुद को साबित करने की चुनौती

अकु श्रीवास्तव



बिहार की राजनीति में सस्पैंस चरम पर है। राज्यसभा के लिए नामांकन के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी 2 दशक से पुरानी मुख्यमंत्री की कुर्सी से मोह त्यागने का फैसला कर लिया है। यह बिहार में नीतीश युग के समापन का शंखनाद है। 1 मार्च को ही नीतीश ने उम्र का 75 साल का पड़ाव पार किया। भारतीय राजनीति में पिछले एक दशक से नेताओं के लिए 75वां वर्ष वानप्रस्थ के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। हालांकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश की राजनीति से अलग होने की इच्छा जताते समय अपनी उम्र का कोई उल्लेख नहीं किया, मगर उम्र का पड़ाव एक ऐसा सच है, जो किसी से छुपा भी नहीं है। वैसे भी नीतीश कुमार राज्यसभा में तो रहेंगे ही और उन्होंने अपने राज्यसभा जाने के फैसले में जो संदेश 'एक्सइ पर जारी किया था, उसमें भी उल्लेख है कि उनकी सहयोगी की भूमिका बनी रहेगी। उधर भाजपा नेता और गृहमंत्री अमित शाह पिछले दिनों यह स्पष्ट कर चुके हैं कि पार्टी संविधान में ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। बिहार में विधानसभा चुनाव बीते अभी ठीक से 3 महीने से कुछ ज्यादा ही समय हुआ है। बिहार का विधानसभा चुनाव भाजपा-जद (यू) गठबंधन ने नीतीश के चेहरे पर ही जीता था। हालांकि चुनाव के दौरान कुछ लोग अटकलें लगा रहे थे कि बड़ी जीत के बाद भाजपा मुख्यमंत्री पद का दावा कर सकती थी लेकिन नीतीश के नेतृत्व में चुनाव जीता गया था, इसीलिए वह रिकार्ड 10वीं बार मुख्यमंत्री भी बने।

नीतीश कुमार 2 दशक से ज्यादा समय से बिहार की राजनीति की धुरी माने जा रहे हैं। सीटें कम आईं, ज्यादा आईं, कुर्सी पर वही रहे (अपवादस्वरूप एक बार खुद उन्होंने ही जीतन राम मांझी को कुछ महीनों के लिए मुख्यमंत्री बनाया था)। इसी से उनकी यह छवि मजबूत हुई है कि वह बिहार के धुरी हैं। दलितों में महादलित बनाने के बड़े काम के अलावा कुर्मी-कुशवाहा पिछड़े और महा पिछड़े का संतुलन बनाकर उन्होंने पिछड़ों का मसीहा बनने की कोशिश कर रहे लालू प्रसाद यादव और उनकी पार्टी को बिहार की राजनीति के उस कोने में बैठा दिया है, जो विपक्ष का कोना कहलाता है। नीतीश कुमार ने कभी मूल्यों की राजनीति से अपनी पहचान बनाई थी। अटल बिहारी वाजपेयी की राजग सरकार में उन्हें रेलमंत्री बनाया गया था, 1 अगस्त, 1999 को गैसल रेल हादसे की जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था। मार्च 2000 में वाजपेयी सरकार के समर्थन पर समता पार्टी के सदस्य के रूप में वह पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। उनका पहला कार्यकाल सिर्फ 7 दिन का था। सदन में बहुमत साबित करने से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद 2005 में उन्होंने भाजपा के साथ मिलकर बहुमत से सरकार बनाई। उनका यही कार्यकाल बिहार और बिहार की राजनीति को बदलने वाला कहा जाता है। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने एक लाख से अधिक स्कूल शिक्षकों की नियुक्ति की। कई गांवों में बिजली पहुंचाई,

> *नीतीश कुमार 2 दशक से ज्यादा समय से बिहार की राजनीति की धुरी माने जा रहे हैं। सीटें कम आईं, ज्यादा आईं, कुर्सी पर वही रहे (अपवादस्वरूप एक बार खुद उन्होंने ही जीतन राम मांझी को कुछ महीनों के लिए मुख्यमंत्री बनाया था)। इसी से उनकी यह छवि मजबूत हुई है कि वह बिहार के धुरी हैं। दलितों में महादलित बनाने के बड़े काम के अलावा कुर्मी-कुशवाहा पिछड़े और महा पिछड़े का संतुलन बनाकर उन्होंने पिछड़ों का मसीहा बनने की कोशिश कर रहे लालू प्रसाद यादव और उनकी पार्टी को बिहार की राजनीति के उस कोने में बैठा दिया है, जो विपक्ष का कोना कहलाता है। नीतीश कुमार ने कभी मूल्यों की राजनीति से अपनी पहचान बनाई थी। अटल बिहारी वाजपेयी की राजग सरकार में उन्हें रेलमंत्री बनाया गया था, 1 अगस्त, 1999 को गैसल रेल हादसे की जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था। मार्च 2000 में वाजपेयी सरकार के समर्थन पर समता पार्टी के सदस्य के रूप में वह पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। उनका पहला कार्यकाल सिर्फ 7 दिन का था। सदन में बहुमत साबित करने से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया था।*

सड़कों का निर्माण किया, महिला निरक्षरता दर आधी कर दी, अपराध पर नकेल कसी, बिहार के लोगों की औसत आय भी तेजी से बढ़ी। अपने पहले पूर्ण कार्यकाल में उन्होंने कई बड़े काम किए। उन्होंने छात्राओं को साइकिल देने और स्कूल में भोजन कार्यक्रम शुरू किया। इससे बड़ी संख्या में लड़कियों ने स्कूलों में दाखिला लेना शुरू किया और स्कूल छोडने. की दर में भी कमी आई। 2010 के चुनाव में पहली बार बिहार में महिला और युवा मतदाताओं की उच्च भागीदारी देखने को भी मिली। यह नीतीश की बढ़ती लोकप्रियता का प्रतीक था। नीतीश कुमार को बिहार में सुशासन बाबू नाम मिला तो इसके पीछे उनके द्वारा किए गए कार्य ही थे। शराबबंदी ने महिलाओं के बीच उनकी लोकप्रियता को और बढ़ाया। नीतीश कुमार ने बिहार में जो किया है, उसके बाद अब उनकी जगह लेने वाले मुख्यमंत्री के लिए उससे आगे बढ़कर करने की चुनौती होगी। भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, ढांचागत विकास और गरीबी अब भी बिहार की सबसे बड़ी समस्याएं हैं। झारखंड के अलग हो जाने के बाद बिहार पूरी तरह से कृषि पर निर्भर है और कृषि आधारित व्यवस्था मौजूदा समय में लाभ का बड़ा सौदा नहीं है।

माना जा रहा है कि नया मुख्यमंत्री भाजपा से होगा। यह मानने के पीछे ठोस वजह है कि भाजपा सबसे बड़ा दल है और इसलिए मुख्यमंत्री उसका होना चाहिए। मगर बिहार में मुख्यमंत्री का पद कांटों का ताज भी है। इसके साथ चुनौतियां भी हैं। वहां सिर्फ दलीय समीकरण ही मायने नहीं रखते, सामाजिक या कहें जातीय समीकरण भी साधने पड़ते हैं। नीतीश ने जातीय समीकरण बड़े सलीके से साधे थे और जो वर्ग या जाति उनके साथ नहीं थी, वह भाजपा के साथ थी। अल्पसंख्यकों का एक वर्ग भी उनके साथ था। सीमैंट मजबूत था। लेकिन अब भाजपा के नेतृत्व में चीजें आने से समीकरणों की रिसैटिंग होगी ही। भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती जो दिख रही है, वह है पिछड़ों के अलावा अति पिछड़े और दलितों को साधे रखना। यूं तो ये वर्ग या तो जद (यू) के साथ हैं या फिर भाजपा के साथ लेकिन भाजपा के नेतृत्व में आते ही इन समीकरणों को पुख्ता करना नए मुख्यमंत्री की बड़ी जिम्मेदारी होगी। बिहार की राजनीति के मद्देनजर यह तय है कि मुख्यमंत्री पिछड़े/अति पिछड़े वर्ग का ही होगा। लेकिन सबको साधना आसान काम नहीं होगा। यह जरूर है कि भाजपा की सरकार बनने के बाद बहुत दिन बाद उसका मूल वोटर, जिसमें पिछड़ों का एक वर्ग और सवर्ण वोट है, उसकी बांछें खिल सकती हैं। लेकिन सबको लेकर चलना आसान नहीं होगा, खास तौर से जब जातीय हित भी टकराते हैं। वैसे नए मुख्यमंत्री के सामने शासन में कायाकल्प की चुनौती भी होगी, क्योंकि उसे कुछ नया कर दिखाना होगा, नीति के तौर पर भी और सामने दिखने के तौर पर भी। उम्मीद है कि नई सरकार कुछ नए रास्ते बनाने वाली होगी।

**– (लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं और ये उनके व्यक्तिग विचार हैं)।**

# राज्यपाल पद पर फेरबदल कर दिये बड़े सियासी संकेत

नीरज कुमार दुबे



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को देश के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राज्यपाल तथा उपराज्यपालों की नई नियुक्तियों की घोषणा की। इस फैसले को व्यापक प्रशासनिक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। इस बदलाव के तहत पश्चिम बंगाल, तमिल नाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना, नागालैंड, बिहार, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और लद्दाख सहित कई स्थानों पर नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सबसे प्रमुख बदलाव तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के स्थानांतरण के रूप में सामने आया है। उन्हें अब पश्चिम बंगाल का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वह सीवी आनंद बोस का स्थान लेंगे, जिन्होंने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बोस पिछले साढ़े तीन वर्ष से पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे और उन्होंने दिल्ली में राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंपा।तमिल नाडु में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजेंद्र विश्वनाथ अरलेकर को वहां का नया राज्यपाल बनाया गया है। इससे पहले वह केरल में राज्यपाल के रूप में कार्य कर रहे थे। चुनावी माहौल को देखते हुए इस नियुक्ति को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दिल्ली और लद्दाख में भी अहम बदलाव हुए हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को अब लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू को दिल्ली का नया उपराज्यपाल बनाया गया है। संधू लंबे समय तक कूटनीतिक सेवा में रहे हैं और विदेश नीति से जुड़े महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।

तेलंगाना और महाराष्ट्र में भी राज्यपाल बदले गए हैं। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को अब तेलंगाना का राज्यपाल बनाया गया है। वहीं तेलंगाना के राज्यपाल रहे जिष्णु देव वर्मा को महाराष्ट्र का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। नागालैंड के नए राज्यपाल के रूप में बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव को जिम्मेदारी दी गई है। बिहार में भी नई नियुक्ति की गई है। सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सयद अता हसनैन को बिहार का राज्यपाल बनाया गया है। सेना में लंबे अनुभव वाले हसनैन सुरक्षा और रणनीति के मामलों के विशेषज्ञ माने जाते हैं। उन्होंने आरिफ मोहम्मद खान की जगह ली है। इस फेरबदल में हिमाचल प्रदेश के लिए भी नई नियुक्ति की गई है। लद्दाख के उपराज्यपाल रहे कविंदर गुप्ता को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है। कविंदर गुप्ता ने गुरुवार को लद्दाख के उपराज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल हालांकि काफी चर्चा में रहा। हम आपको याद दिला दें कि कविंदर गुप्ता को जुलाई 2025 में लद्दाख का उपराज्यपाल बनाया गया था। उनके कार्यकाल के दौरान 24 सितंबर 2025 को लेह शहर में हिंसक घटना हुई थी। उस दिन क्षेत्र को संवैधानिक सुरक्षा देने की मांग को लेकर चल रहा प्रदर्शन हिंसक हो गया था। हालात बिगड? पर पुलिस की गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें करगिल युद्ध का एक पूर्व सैनिक भी शामिल था। इस घटना ने देश भर में व्यापक चर्चा को जन्म दिया था।

तमिल नाडु में आर एन रवि और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सरकार के बीच संबंध भी काफी तनावपूर्ण रहे। सत्तारुढ़ डीएमके ने कई बार आरोप लगाया कि राज्यपाल निर्वाचित सरकार के समानांतर राजनीतिक भूमिका निभा रहे हैं। राज्यपाल रवि ने कई विधेयकों को मंजूरी देने में देर की थी। इसके बाद अप्रैल 2025 में उच्चतम न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा और दस विधेयकों को प्रभावी रूप से स्वीकृत मान लिया गया। राज्यपाल रवि कई बार विधानसभा में सरकार के तैयार भाषण को पढ़े बिना ही बाहर चले गए या फिर अपने विचारों के अनुसार भाषण में बदलाव किया। उन्होंने यह भी कहा था कि यदि निर्णय उन पर होता तो वे नीट से छूट देने वाले विधेयक को कभी मंजूरी नहीं देते। इन घटनाओं के कारण राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच लगातार टकराव की स्थिति बनी रही। आरएन रवि का प्रशासनिक और सुरक्षा क्षेत्र में लंबा अनुभव रहा है। वह भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहे हैं और खुफिया ब्यूरो में भी महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। वर्ष 2014 से 2021 के बीच वे नागा शांति वार्ता के लिए केंद्र सरकार के वातार्कार भी रहे थे। उधर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस बदलाव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फोन कर आरएन रवि की नियुक्ति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस के अचानक इस्तीफे की खबर से वे चकित और चिंतित हैं। ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि राज्य सरकार से इस बारे में पहले कोई परामर्श नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि यह स्थापित परंपरा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले कुछ राजनीतिक हितों के कारण यह कदम उठाया गया हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि ऐसा हुआ है तो यह संविधान की भावना और देश की संघीय संरचना के लिए चिंताजनक स्थिति होगी। बहरहाल, मोदी सरकार जल्द ही अपने तीसरे कार्यकाल के दो वर्ष पूरे करने वाली है। ऐसे में माना जा रहा है कि महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों और बदलावों का दौर शुरू हो चुका है। देखना होगा कि आने वाले समय में मोदी मंत्रिमंडल में क्या फेरबदल होते हैं या अन्य महत्वपूर्ण पदों पर क्या बदलाव देखने को मिलते हैं।

**– लेखक के निजी राय हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**10 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.32 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मेष | 08.02 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.42 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.41 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 13.54 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.10 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.22 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.33 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 22.47 ब.से |
| राहुकाल | 3.00 से 4.30 बजे तक | धनु | 01.03 बजे से |
| | | मकर | 03.09 बजे से |
| | | कुंभ | 04.55 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 69 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** सप्तमी 01.55 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 19.05 बजे को समाप्त।
**योग** हर्षण 08.21 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 12.41 बजे तदनन्तर बव 01.55 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 20.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 11'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872644
**जूलियन दिन** 2461109.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 20
**विशेष** शीतला सप्तमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8795



**बाएँ से दाएँ**

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमेल, लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शामन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. सब्जी, भाजी-4
22. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4

**ऊपर से नीचे**

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

**शब्द पहेली -8794 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फ | न | का | र | ■ | ग | ज | रा | ■ |
| ला | त | ■ | वै | ■ | ज | ■ | ह | क |
| हा | ■ | या | या | व | र | ■ | ■ | ल |
| र | स | द | ■ | ध | ■ | प | ला | श |
| ■ | ■ | गा | ल | ■ | जी | त | ■ | ■ |
| क | हा | र | ■ | आ | ■ | झ | र | ना |
| हा | ■ | ■ | ग | ठ | जो | ड़ | ■ | म |
| नी | र | ■ | म | ■ | क | ■ | ना | व |
| ■ | ब | द | न | ■ | र | ह | ब | र |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7729** ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7728 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

# शहनाज का समर लुक वायरल



दिखाई कातिलाना अदाएं

**मार्च** के शुरू होने के साथ ही गर्मी का एहसास होने लगा है। इसी बीच 'पंजाब की कैटरीना कैफ' कहे जाने वाली अभिनेत्री शहनाज गिल ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक बेहद ही खूबसूरत शॉर्ट वीडियो शेयर किया है, जिससे इंटरनेट का तापमान बढ़ गया। शहनाज ने वीडियो को पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, 'उफ गर्मी।' अभिनेत्री के इस रील को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं, जिसमें अभिनेत्री मैरून रंग की सिंपल पंजाबी सूट में काफी प्यारी लग रही है। लुक को उन्होंने सैंडल की बजाय सफेद रंग के जूते के साथ पेयर किया है। इसी के साथ धूप से बचने के लिए अभिनेत्री ने सनग्लास के साथ हाथ में काले रंग का छाता पकड़ा हुआ है। वीडियो में शहनाज खुले मैदान में किसी नदी के किनारे दिख रही हैं, जिसमें वे अलग-अलग पोज और कातिलाना अदाएं दिखाते पंजाबी गाने पर वाइब कर रही हैं। अभिनेत्री के सोशल मीडिया पोस्ट ने इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। अभिनेत्री के पोस्ट पर कुछ ही घंटों में हजारों व्यूज और लाइक्स आ चुके हैं। वहीं लोग कमेंट्स के माध्यम से लगातार शहनाज पर अपना प्यार लुटा रहे हैं। एक यूजर ने एक्ट्रेस के पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'कृपया कनाडा में भी थोड़ी गर्मी भेजिए शहनाज गिल, आप बेहद खूबसूरत लग रही हैं और हमें आप पर बहुत गर्व है। बिग बॉस 13 फेम शहनाज गिल एक भारतीय अभिनेत्री, मॉडल और गायिका हैं, जिनका जन्म 27 जनवरी, 1994 को अमृतसर, पंजाब में हुआ था।

# तापसी पन्नू ने विद्या बालन को बताया अपना 'हीरो'





**हिंदी** सिनेमा में हर कलाकार को किसी न किसी से प्रेरणा मिलती है, जिसकी मेहनत और काम देखकर वह आगे बढ़ने की हिम्मत पाता है। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू के लिए ऐसी ही प्रेरणा विद्या बालन हैं। तापसी ने बताया कि विद्या बालन की फिल्मों ने उनके सोचने का तरीका बदल दिया। उन्होंने कहा कि जब वह हिंदी फिल्मों में अपना करियर शुरू कर रही थीं, तब विद्या बालन की कुछ फिल्मों ने उन्हें यह भरोसा दिया कि महिला कलाकार भी मजबूत कहानियों के साथ लंबे समय तक इंडस्ट्री में टिक सकती हैं। तापसी ने कहा, ''विद्या बालन ने सिर्फ फिल्मों में अभिनय नहीं किया, बल्कि उन्होंने यह भी दिखाया कि एक अभिनेत्री अपने दम पर कहानी को आगे बढ़ा सकती है। मेरे लिए विद्या बालन एक हीरो हैं। उनकी फिल्मों ने मुझे प्रेरित किया। जब मैंने 'द डर्टी पिक्चर' और 'कहानी' जैसी फिल्में देखीं, तो महसूस हुआ कि सिनेमा में महिलाओं के लिए भी मजबूत और अलग तरह की कहानियां बन सकती हैं। अगर ये फिल्में उस समय नहीं आई होतीं, तो शायद मेरे जैसे कई कलाकारों को यह विश्वास ही नहीं होता कि वे भी लंबे समय तक इंडस्ट्री में काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''उस समय मैं हिंदी सिनेमा में अपने करियर की शुरुआत कर रही थी और अक्सर यह सवाल मन में आता था कि एक अभिनेत्री का करियर कितने समय तक चल सकता है पर विद्या बालन की फिल्मों को सफल होते देख मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया। उनकी फिल्मों ने बताया कि कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा में अभिनेत्री भी मुख्य भूमिका निभा सकती हैं और फिल्म की सफलता का केंद्र बन सकती हैं। दरअसल, विद्या बालन को हिंदी सिनेमा में महिला प्रधान फिल्मों के लिए जाना जाता है। पिछले दो दशकों में उन्होंने कई ऐसी फिल्मों में काम किया है, जिनमें कहानी का पूरा भार उनके किरदार पर टिका होता है। 'नो वन किल्ड जेसिका', 'तुम्हारी सुलु' और 'शेरनी' जैसी फिल्मों में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए और अभिनय के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी फिल्मों ने साबित किया कि बॉलीवुड में सिर्फ बड़े हीरो ही नहीं, बल्कि अच्छी कहानी और दमदार अभिनय भी फिल्म को सफल बना सकते हैं। दिलचस्प बात यह है कि तापसी पन्नू और विद्या बालन एक साथ काम कर चुकी हैं। दोनों कलाकारों ने साल 2019 की चर्चित फिल्म 'मिशन मंगल' में एक साथ अभिनय किया था। इस फिल्म की कहानी भारत के ऐतिहासिक मार्स ऑर्बिटर मिशन से प्रेरित थी और इसमें वैज्ञानिकों की उस टीम को दिखाया गया था, जिसने इस मिशन को सफल बनाया। फिल्म में तापसी और विद्या दोनों ने वैज्ञानिकों का किरदार निभाया था।



# नाना पाटेकर को गुरु मानती है कुब्रा





**फिल्म** अभिनेता नाना पाटेकर ने मेहनत और अभिनय के दम पर लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। उन्होंने दशकों से फिल्मों के जरिए लोगों का मनोरंजन किया। वह पूरी लगन के साथ अपना किरदार निभाते हैं और यही वजह है कि सिनेमा में कई कलाकार उन्हें अपना गुरु मानते हैं। इनमें से एक हैं अभिनेत्री कुब्रा सैत, जो इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म संकल्प को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में उनके साथ नाना पाटेकर हैं। फिल्म संकल्प का निर्देशन प्रकाश झा कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इस बीच क्रुब्रा सैत ने नाना पाटेकर के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। क्रुबा ने कहा कि उन्होंने नाना पाटेकर से अभिनय की बारीकियां सीखीं हैं, साथ ही उन्हें काम के प्रति समर्पण भी सीखने को मिला। नाना पाटेकर की तारीफ करते हुए कुब्रा सैत ने कहा, नाना पाटेकर शानदार अभिनेता हैं। वह अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित रहते हैं। वह हर सीन को बहुत गंभीरता से लेते हैं और उसकी तैयारी भी उतनी ही मेहनत से करते हैं। वह अक्सर अगले दिन के सीन्स की कहानी खुद अपने हाथों से लिखते हैं और फिर उसकी हर लाइन को याद भी करते हैं। कुब्रा ने कहा, नाना पाटेकर की लिखने की शैली बहुत प्रभावशाली है और काम करने का तरीका भी बेहद अलग है। सेट पर उन्हें काम करते हुए देखना मेरे लिए किसी सीखने वाली क्लास की तरह है। उनका ध्यान हर छोटी-छोटी बात पर रहता है। यही वजह है कि उनके साथ काम करना मेरे लिए एक बड़ा सीखने वाला अनुभव साबित हुआ।




### मिडिल ईस्ट तनाव के बीच दुबई लौटे विवेक ओबेरॉय, कहा-

# यूएई मेरे लिए घर जैसा

**मिडिल** ईस्ट में जारी तनाव के बीच सुरक्षित रूप से दुबई लौटने पर बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय ने यूएई नेतृत्व का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल समय में जिस तरह से वहां के प्रशासन ने शांति और सुरक्षा बनाए रखी, वह काबिल-ए-तारीफ है। अभिनेता ने बताया कि इस पूरे समय उनके मन में अपने परिवार से मिलने की चिंता और भावनाएं लगातार चलती रहीं। विवेक ओबेरॉय ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने कहा, ''यूएई मेरे लिए घर जैसा है। इस देश में 200 से ज्यादा देशों के लोग रहते हैं और सभी के लिए यह जगह एक साझा घर की तरह है। पिछले कुछ दिनों में तनाव बढ़ा, तो मुझे अपने परिवार से दूर होना भारी सा लग रहा था। जब मैं प्लेन से दुबई लौट रहा था, तब मुझे लगा कि उस फ्लाइट में बैठे हर व्यक्ति की आंखों में अपनी-अपनी कहानी छिपी हुई थी। अभिनेता ने कहा, ''सफर के दौरान मेरा दिल तेजी से धड़क रहा था, क्योंकि मेरे मन में सिर्फ अपने बच्चों की चिंता थी। पूरे सफर के दौरान मेरा ध्यान अपने परिवार पर ही लगा रहा और मैं बस यही सोच रहा था कि जल्द से जल्द अपने बच्चों से मिलूं। विवेक ओबेरॉय ने कहा, ''दुनिया में जब अनिश्चितता और तनाव का माहौल होता है, तब मजबूत और शांत नेतृत्व बहुत जरूरी होता है। यूएई के नेतृत्व ने इस मुश्किल समय में धैर्य और मजबूती का उदाहरण पेश किया है। यहां की सरकार ने ऐसा देश बनाया है जो लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। यही वजह है कि यहां रहने वाले लोग खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं।

# 'तन्वी द ग्रेट' पर रवि किशन की तारीफ से भावुक हुए अनुपम, बोले- आपके शब्द हमारे लिए हौसला हैं

**फिल्मी** दुनिया में जब किसी कलाकार की मेहनत को दूसरे कलाकार खुलकर सराहते हैं, तो वह पल खास बन जाता है। इस कड़ी में भोजपुरी अभिनेता और नेता रवि किशन ने अनुपम खेर द्वारा निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की जमकर तारीफ की। रवि किशन की इस प्रतिक्रिया से प्रभावित होकर अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक खास वीडियो शेयर किया, जिसमें रवि किशन फिल्म और उसके कलाकारों की सराहना करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के जरिए अनुपम खेर ने उनका आभार व्यक्त किया और बताया कि उनके शब्दों ने पूरी टीम का दिल छू लिया। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में रवि किशन का वीडियो साझा करते हुए उनके लिए एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, ''प्रिय रवि किशन, 'तन्वी द ग्रेट' फिल्म देखने के बाद आपने जो प्यार और सच्चाई से इसकी तारीफ की, उसने मेरा और पूरी टीम का दिल छू लिया।' अनुपम ने आगे रवि किशन की शख्सियत की भी तारीफ की। उन्होंने लिखा, ''मैंने आपको हमेशा एक बेहद जीवंत और प्रतिभाशाली अभिनेता के रूप में सराहा है पर उससे भी ज्यादा आपकी वह ऊर्जा और इंसानियत मुझे प्रभावित करती है जो आपको लोगों से जोड़ती है, चाहे वह सिनेमा हो या जनसेवा। अनुपम ने कहा, 'जब आप जैसे संवेदनशील कलाकार इस फिल्म के भाव को महसूस करते हैं तो लगता है कि हमारी मेहनत सच में लोगों के दिलों तक पहुंच रही है।




# 'छाप तिलक' दिल के करीब: मेधा शंकर

अविनाश तिवारी और मेधा शंकर की अपकमिंग फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी 2' का पहला गाना 'छाप तिलक' रिलीज हो चुका है। यह गाना रिलीज होते ही दर्शकों का दिल जीत रहा है। मेधा शंकर ने कहा कि यह गाना उनके दिल के बहुत करीब है और इसकी एनर्जी बेहद खास है। गाने में पारंपरिक भावना और मॉडर्न बीट्स का मेल है। फिल्म के पोस्टर लॉन्च के बाद मेकर्स ने इस हाई-एनर्जी ट्रैक को सोनी म्यूजिक के जरिए सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध कराया है। गाने में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर की जोड़ी की जबरदस्त केमिस्ट्री दिखाई देती है। साथ ही रैपर पैराडॉक्स की एंट्री गाने में आधुनिक टच जोड़ती है। तीनों की एनर्जी और मजेदार हुक स्टेप हैं। मेधा शंकर ने गाने की रिलीज पर खुशी जताते हुए कहा, 'मैं बहुत खुश हूं कि अब सब 'छाप तिलक' सुन पाएंगे। फिल्म का पहला गाना होने से इसकी एनर्जी बहुत खास है। यह मेरे दिल के करीब है और मैं खुद भी इस पर बार-बार थिरक रही हूं। हीर और अमान नूर ने इसे शानदार बनाया है। पैराडॉक्स के रैप ने और खास कर दिया। मुझे पूरा यकीन है कि यह इस सीजन का बड़ा डांस ट्रैक बनेगा। अविनाश तिवारी ने कहा, 'फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने में संगीत बहुत महत्वपूर्ण होता है। 'छाप तिलक' हमारे लिए वही काम करता है। उम्मीद है कि यह लोगों की प्लेलिस्ट में जगह बनाएगा, जैसे मेरी प्लेलिस्ट में बना चुका है।



# एक्शन फिल्म में नजर आएंगे सलमान

**सलमान** खान ने 'बैटल ऑफ गलवां' फिल्म की शूटिंग के बाद अपनी अगली बड़ी फिल्म साइन कर ली है। यह फिल्म एक बड़ा बजट वाली एक्शन थ्रिलर है। इसे तेलुगु के मशहूर प्रोड्यूसर दिल राजू बनाएंगे। निर्देशन वामशी पेडिपल्ली करेंगे, जो नेशनल अवॉर्ड जीत चुके हैं और थलपति विजय की फिल्म 'वरिसु' के डायरेक्टर हैं। सलमान को वामशी पेडिपल्ली की फिल्म की स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई। फिल्म में ढेर सारा एक्शन होगा और साथ ही मजबूत इमोशनल कहानी भी है। यह एक पैन-इंडिया फिल्म होगी, जिसमें कई बड़े सितारे काम कर सकते हैं। अभी हीरोइन का नाम फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन एक जानी-मानी अभिनेत्री से बात चल रही है।



### दीपिका के आठ घंटे काम की मांग पर कुणाल खेमू ने रखी अपनी राय

# 'दूसरे के पैसों पर अपनी शर्तें रखना आसान है'

**दीपिका** पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग करने के बाद इंडस्ट्री एक्टर्स के काम को लेकर एक बहस शुरू हो गई है। इस बहस पर इंडस्ट्री दो खेमों में बंटी हुई है। कई सेलेब्स ने जहां दीपिका पादुकोण का खुलकर समर्थन किया है। वहीं कुछ ने इस पर अपनी अलग राय भी रखी है। अब एक्टर और निर्देशक कुणाल खेमू ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। पत्नी सोहा अली खान के साथ पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान कुणाल खेमू ने कहा कि बड़े होने पर हम यह भी तय करते हैं कि हम जीवन में क्या बनना चाहते हैं। एक बार जब आप किसी काम के लिए हामी भर देते हैं, तो आपको यह समझना होगा कि इसके साथ कुछ अपेक्षाएं जुड़ी होती हैं।

ाप यात्रा करना चाहते हैं लेकिन आप ज्यादा वेतन भी चाहते हैं। ये दोनों बातें हमेशा एक साथ नहीं चलतीं। कुणाल खेमू ने आगे बताया कि जो अभिनेता अपने काम के घंटों पर अधिक नियंत्रण रखना चाहते हैं, वे अतिरिक्त जिम्मेदारियां ले सकते हैं, जैसे कि अपनी खुद की फिल्में बनाना। आप चाहें तो आठ घंटे या चार घंटे भी काम कर सकते हैं, लेकिन फिर निर्माता बनें, अपना पैसा लगाएं और खुद निर्णय लें। अगर आप मालिक हैं और दिन में दो घंटे काम करने का फैसला करते हैं, तो आपको पता चलेगा कि फिल्म समय पर पूरी नहीं होगी और प्रोजेक्ट पर बहुत अधिक खर्च आएगा। हो सकता है कि आपको नुकसान उठाना पड़े। किसी और के पैसे से ये फैसले लेना बहुत आसान है। ऐसी स्थिति तक पहुंचें जहां आप ठीक वही कर सकें जो आप चाहते हैं। लेकिन आप यह नहीं कह सकते, 'मुझे काम दीजिए, मैं तय करूंगा कि आप मुझे कितना भुगतान करेंगे, मैं कब आऊंगा और काम कैसे होगा।' तब लोग पूछेंगे कि उन्हें आपके साथ काम करने के परिणामों को क्यों भुगतना चाहिए।



### कुणाल ने बताया कब आती है समस्या

कुणाल ने आगे कहा यह भी कहा कि समस्या तब पैदा होती है जब लोग किसी पेशे के लाभ तो चाहते हैं, लेकिन उसकी आवश्यकताओं को पूरा करने में हिचकिचाते हैं। आप बीच में यह नहीं कह सकते कि आपको अधिक वेतन चाहिए और कम काम करना है क्योंकि अब आपका मन कुछ और करने का कर रहा है।

## सीओ और राजस्व कर्मचारी जल्द काम पर नहीं लौटे तो सरकार सख्त कदम उठाएगी : विजय सिन्हा

**उनकी नौकरी भी खत्म की जा सकती है**

एजेंसी



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रभारी विजय कुमार सिन्हा ने हड़ताल पर गए सीओ और राजस्व कर्मचारियों को सोमवार को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होने कहा कि यदि वे जल्द काम पर नहीं लौटे तो सरकार सख्त कदमउठाएगी।

विजय सिन्हा ने कहा है कि सीओ और राजस्व कर्मियों को अगर काम करना है तो सेवक बनकर करें, नहीं तो सरकार उन्हें नौकरी से हटाने की व्यवस्था करेगी। उन्होने कहा कि सरकार हड़ताल के हर दिन की गिनती कर रही है । यदि कर्मचारी जल्द काम पर नहीं लौटे तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हड़ताल करके अपनी मांगों को कमजोर कर रहे हैं। ये मौसम हड़ताल का नहीं बल्कि काम करने का था। मार्च का महीना मिलकर विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाने का था। समस्या का समाधान करने का था। इससे जनता के बीच के बीच अच्छा संदेश जाता। लेकिन हड़ताल करके जनता के मन में उन्होंने भ्रष्टाचारपोषित वातावरण को मजबूती दी है।

विजय सिन्हा ने यह भी कहा कि अभी भी समय है। हमने आग्रह किया है कि जो लौट जायेंगे, उनका सम्मान बढ़ेगा और उनकी मांगों का समाधान भी किया जाएगा। लेकिन जो कर्मचारी अड़े रहेंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दबाव की राजनीति कभी भी हम लोग नहीं स्वीकार नहीं करते हैं। हम काम करने वालों का सम्मान करते हैं और जिन लोगों की मानसिकता, तालाबंदी - हड़ताल से भौकाल बनाकर भय का माहौल खड़ा करने की है, हम उस भौकाल को ही खत्म कर देंगे। उन्होने साफ तौर पर कहा कि अगर हड़ताल पर गए कर्मचारी काम पर नहीं लौटेंगे तो हम उनकी नौकरी खत्म कर देंगे। अस्थाई बहाली का भी रास्ता खुला रखेंगे। इंतजार की घड़ी अब समाप्त हो रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने हड़ताल के पीछे साजिश की भी आशंका जताई। उन्होंने कहा कि साजिश करने वाले जो भू-माफिया हैं, वैसे लोगों को आने वाले दिनों में अफसोस होगा, क्योंकि इससे हम प्रभावित नहीं होने वाले हैं। जो संकल्प एनडीए सरकार को इतने बड़े जनादेश के साथ मिला है, उस जनादेश का सम्मान करने के लिए जो भी कीमत अदा करना पड़ेगा।

## जल्द ही जिलों की यात्रा पर निकलेंगे : निशांत कुमार

**मां को श्रद्धासुमन अर्पित कर आशीर्वाद लिया**

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने बिहार की सियासत में औपचारिक रूप से कदम रखने के बाद अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। सोमवार को वह अपनी मां स्व. मंजू सिन्हा को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। निशांत ने अपनी मां की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वह जल्द ही बिहार के सभी 38 जिलों की यात्रा पर निकलेंगे। उन्होंने कहा कि वह यात्रा की तैयारी कर रहे हैं और यह जल्द ही तय होगा कि यात्रा पर किस दिन से निकलेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पिता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी अपनी अलग यात्रा पर निकलने वाले हैं। इस दौरान निशांत कुमार ने भारत की टी-20 विश्व कप जीत पर भी खुशी जाहिर की और टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश के लिए यह गर्व का क्षण है और पूरी टीम को इस शानदार उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं। वहीं निशांत कुमार ने मुख्यमंत्री बनने के सवाल को हंसते हुए टाल दिया। उन्होंने इसको लेकर कोई टिप्पणी नहीं की। वहीं, निशांत कुमार की राजनीतिक एंट्री पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि उनका राजनीति में आना स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से जदयू का है।

## राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लाई जाएगी प्रोत्साहन नीति : सम्राट चौधरी

### नकारात्मक लोगों के कारण बंद हो गई थी बिहार की चीनी मीलें : विजय सिन्हा

एजेंसी



**पटना।** बिहार में बंद पड़ीं चीनी मिलों के चालू करने के साथ ही 25 नई चीनी मिलों की स्थापना और गन्ना की पैदावार बढ़ाने को लेकर सोमवार को गन्ना उद्योग विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय गन्ना प्रौद्योगिकी सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन राज्य के उपमुख्यमत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा, उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। अध्यक्षता गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने की।

इस अवसर सम्राट चौधरी ने कहा कि शीघ्र ही प्रोत्साहन नीति-2026 लाई जाएगी और इसके माध्यम से राज्य में उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लोग मजदूरी करने के लिए बाहर जाते हैं, उन्हें पांच वर्ष के अंदर चिन्हित कर बिहार में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। यह सरकार की प्राथमिकता है और इस पर कार्य भी शुरू कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था का ज्ञान इसी बिहार ने दिया है। गन्ना उत्पादन और चीनी उत्पादन के क्षेत्र में बिहार बहुत आगे था, लेकिन हम गन्ना के क्षेत्र में काफी पीछे छूट गए हैं। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों और गन्ना किसानों से अपील करते हुए कहा कि नई तकनीकी के साथ पुरानी पद्धति की ओर लौटना है, तभी हम अच्छी खेती कर पाएंगे। खेती की पुरानी पद्धति में कैसे लौटे इसपर भी चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने प्राकृतिक खेती, उन्नत बीज, औषधि और किसानों को होने वाली चुनौती का समाधान कराने पर बल दिया।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में पहले जितने चीनी मिले थीं, वह धीरे-धीरे बंद होती गईं। अब सरकार ने बंद मिलों को चालू कराने के साथ ही नई चीनी मिलें लगाने की दिशा में कार्य कर रही हैं। आज बिहार में 10 चीनी मिलें चालू हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने चुनावी सभा के दौरान मंच से बिहार में 25 नई चीनी मिलें लगाने की घोषणा की थी। वह आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में धरातल पर उतरने जा रही है। उन्होंने कहा कि अब एआई को ताकत बनाने का समय आ गया है। नई तकनीक को अपनाकर आगे बढ़े।


सेमिनार को संबंधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सह राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आजादी के समय हमारा बिहार गन्ना के क्षेत्र में काफी आगे था, लेकिन बदहाली के कारण इसे गर्त में पहुंचा दिया गया। अब मौसम बदला है और डबल इंजन की सरकार विकास को गति देने में लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि बिहार अब तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। नीयत साफ होगी, तो सफलता जरूर मिलेगी। राज्य में पहले 16 चीनी मिलें थी, लेकिन कुछ नाकारात्मक लोगों के कारण यह चीनी मिलें बंद हो गई थीं। आज 10 चीनी मिलें चालू हैं। वर्षों की बीमारी को दूर करने के लिए हम सभी मिलकर कार्य करेंगे, तो बिहार आगे बढ़कर रहेगा।

उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि अपनी खोई हुई विरासत को पाने के लिए सरकार तेजी से कार्य कर रही है। गन्ना वासंतिक फसल के रूप में जाना जाता है और बसंत हमारे मिठास के प्रतिक है। गन्ना उद्योग विभाग ने किसानों के हित के लिए कई योजनाएं शुरू की है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्मेक के साथ एक गिरफ्तार




**तेघड़ा/बेगूसराय।** बेगूसराय जिला में अवैध नशीले पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर तेघड़ा थानान्तर्गत दनियालपुर टोला के पास से एक व्यक्ति विवेका कुमार, पे०-मनोज चौधरी, सा०-दनियालपुर टोला, थाना-तेघड़ा, जिला-बेगूसराय को 11.25 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। कांड दर्ज कर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

इस बात की जानकारी थानाध्यक्ष अमित कुमार ने दी।

### सारण में गर्मी से पहले खराब चापाकलों की मरम्मत के लिए दल रवाना

**सारण।** आगामी गर्मी के मौसम में जिलावासियों को पेयजल के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए सारण जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिलाधिकारी विनीत श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर विशेष चापाकल मरम्मति दल को रवाना किया। यह दल जिले के सभी प्रखंडों में खराब पड़े सरकारी चापाकलों को दुरुस्त करने का काम करेगा। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा गठित यह दल पंचायतवार भ्रमण करेगा। जिला प्रशासन ने इस वर्ष कुल 3,116 चापाकलों की मरम्मत का लक्ष्य रखा है। जिले में विभिन्न मदों से कुल 32,492 चापाकल स्थापित हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि मई माह तक जिले के सभी बंद पड़े सार्वजनिक चापाकलों को हर हाल में चालू कर दिया जाए ताकि भीषण गर्मी में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। ग्रामीणों की सुविधा के लिए जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। यदि आपके क्षेत्र में कोई सरकारी चापाकल खराब है, तो आप हेल्पलाइन नंबर 06152-244791 पर सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कार्यालय अवधि में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। पीएचइडी के सहायक एवं कनीय अभियंताओं को निर्देशित किया गया है कि वे स्थानीय सांसद, विधायक, पार्षद, प्रखंड विकास पदाधिकारी और मुखिया जैसे जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर अकार्यरत चापाकलों की सूची प्राप्त करें। इस समन्वय का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है।

## तीन देशी कट्टा 19 जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



**तेघड़ा/बेगूसराय।** थाना परिसर में प्रेस वार्ता में डीएसपी कृष्ण कुमार ने बताया कि तेघड़ा थानान्तर्गत मिली गुप्त सुचना पर पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई में आलापुर लंका टोल के निकट पुलिस टीम के द्वारा 01 अपराधकर्मी को किया गया गिरफ्तार। 03 देशी कट्टा, 19 जिन्दा कारतूस, एवं 09 खोखा बरामद। घटना का विवरण: तेघड़ा थानान्तर्गत दिनांक-08.03.26 समय करीब-09:30 बजे प्रातः गश्ती क्रम में गुप्त सूचना मिली कि ग्राम आलापुर लंका टोल में दो व्यक्ति 01. कन्हैया कुमार 02. हरे कृष्ण उर्फ भुल्ल दोनों पे०-अजय चौधरी, सा०-आलापुर के द्वारा हथियार खरीद-बिक्री करता है। त्वरित कार्रवाई करने पर पकड़ा जा सकता है।प्राप्त सूचना वरीय पदाधिकारी को दिया गया तथा अभिलंब तेघड़ा थाना पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम आलापुर लंका टोल स्थित स्थल के पास पहुंचा तो पुलिस बल को देखकर दो व्यक्ति घर से निकल कर भगने लगे जिसको बल के सहयोग से एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़ाए व्यक्ति से पुछताछ करने पर अपना नाम कन्हैया कुमार, उम्र-24 वर्ष, पे०-अजय चौधरी, सा० आलापुर लंका टोला, थाना-तेघड़ा, जिला-बेगूसराय बताए। तथा दुसरा व्यक्ति भागने में सफल रहा।पकड़ाए व्यक्ति से कड़ाई से पुछताछ करने पर कन्हैया कुमार के द्वारा बताया गया कि मैं और मेरा भाई हरे कृष्ण उर्फ भुल्ल दोनों मिलकर हथियार एवं गोली का खरीद-बिक्री करते है। हथियार के बारे में पुछताछ करने पर बताया कि कुछ हथियार एवं गोली को घर में छुपाकर रखें हुए है। जिसे बरामद करवा सकते हैं। पकड़ाए व्यक्ति की घर का तलाशी क्रम में 03 देशी कट्टा, 19 जिंदा कारतूस तथा 09 खोखा बरामद किया गया। सभी सामानों का विधिवत जप्त करते हुए 01 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। विधि-सम्मत आवश्यक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## छह माह से लापता युवक को सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात यादव ने परिवार से मिलाया

**अररिया।** फारबिसगंज में मानवता और इंसानियत की एक मिसाल उस समय देखने को मिली,जब सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात यादव की पहल से छह माह से लापता एक युवक अपने परिवार से मिल सका। जानकारी के अनुसार,जमुई जिले का निवासी विनोद तुड़ी पिछले छह महीने से घर से लापता था और उसका मानसिक स्वास्थ्य भी ठीक नहीं बताया जा रहा था। परिवार के लोग लंबे समय से उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। शनिवार की रात करीब 11 बजे फारबिसगंज के बथनाहा फोरलेन सड़क किनारे एक युवक को सोए हुए अवस्था में देखकर सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात यादव की नजर उस पर पड़ी। संदिग्ध स्थिति में सड़क किनारे सोए युवक को देखकर उन्होंने मानवीय संवेदना दिखाते हुए उससे बातचीत की और उसके बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम विनोद तुड़ी बताया और अपने घर का पता जमुई जिला बताया। युवक की मानसिक स्थिति को देखते हुए प्रभात यादव उसे अपने घर ले आए और उसे भोजन,रहने की व्यवस्था तथा जरूरी देखभाल उपलब्ध कराई। प्रभात यादव ने न केवल उसे सुरक्षित स्थान दिया बल्कि दो दिनों तक अपने घर पर रखकर उसकी सेवा भी की और उसके परिवार तक सूचना पहुंचाने का प्रयास किया। इसी दौरान उन्होंने जमुई जिले के लोगों से संपर्क साधा तथा सहरसा विधायक इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता और जमुई के सामाजिक कार्यकर्ता अनुराग कुमार सिंह से संपर्क कर युवक के बारे में जानकारी साझा की। इसके बाद युवक के परिजन तक सूचना पहुंची। सूचना मिलने के बाद रविवार को युवक के पिता गुली तुडी फारबिसगंज पहुंचे और अपने बेटे को सकुशल देखकर भावुक हो उठे। प्रभात यादव ने पूरे सम्मान के साथ विनोद तुड़ी को उसके पिता के सुपुर्द कर विदाई दी। बेटे को वापस पाकर पिता ने प्रभात यादव का आभार जताते हुए कहा कि यदि समय पर मदद नहीं मिलती तो पता नहीं उनके बेटे का क्या होता। स्थानीय लोगों ने भी प्रभात यादव की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में जहां लोग अनजान व्यक्ति की मदद करने से कतराते हैं, वहीं प्रभात यादव ने मानवता का परिचय देते हुए एक परिवार को उसकी खोई हुई खुशी वापस दिलाने का काम किया है। प्रभात यादव ने कहा कि समाज में मानवता सबसे बड़ा धर्म है और यदि कोई व्यक्ति असहाय अवस्था में मिलता है तो उसकी मदद करना हर इंसान का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि अगर समाज के लोग मिलकर ऐसे लोगों की मदद करें तो कई परिवारों को उनकी खोई हुई खुशियां वापस मिल सकती हैं।

## पार्षद का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल, मेयर पर मनमानी और भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

एजेंसी

**भागलपुर।** भागलपुर नगर निगम में मेयर की कार्यशैली और कथित भ्रष्टाचार को लेकर विवाद सामने आया है। वार्ड संख्या 13 के पार्षद रंजीत मंडल ने पार्षदों के अधिकारों के हनन और नगर निगम में हो रही कथित मनमानी के विरोध में सोमवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है।

रंजीत मंडल नगर निगम परिसर में ही धरने पर बैठ गए हैं। उनका आरोप है कि नगर निगम में नियमों को दरकिनार कर काम किया जा रहा है और पार्षदों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों और ठेकों में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है।

पार्षद का यह भी आरोप है कि नगर निगम में असामाजिक तत्वों को ठेकेदारी दी जा रही है। जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने मांग की है कि नगर निगम प्रशासन इस मामले की जांच कराए और पार्षदों को उनके अधिकार दिए जाएं। उन्होंने कहा है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती तब तक उनका अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगा।

## जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी 49 फरियादियों की समस्याएं

एजेंसी

**सारण।** सबका सम्मान, जीवन आसान के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए जिलाधिकारी द्वारा समाहरणालय में जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संवाद के दौरान जिलाधिकारी ने जिले के विभिन्न कोनों से आए 49 आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही दिशा-निर्देश जारी किए। अमनौर में करीब 20 परिवारों का रास्ता दबंगों द्वारा बाधित किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को तत्काल स्थल जांच कर रास्ता खुलवाने का आदेश दिया। मशरक में दखल दिहानी के अदालती आदेश का पालन न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने अंचलाधिकारी मशरक को अनुपालन का निर्देश देते हुए कहा कि इस मामले की स्वयं अपने स्तर से भी सुनवाई करेंगे। मढ़ौरा के एक बुजुर्ग द्वारा अपने पुत्र पर मारपीट और घर से निकालने की धमकी देने की शिकायत को प्रशासन ने अत्यंत संवेदनशीलता से लिया। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी को भरण पोषण अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। राम जानकी पथ परियोजना में दस्तावेज नष्ट होने के कारण रुके मुआवजे के मामले में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को जांच कर भुगतान प्रक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। दरियापुर में गलत दाखिल-खारिज की शिकायत पर डीसीएलआर सोनपुर को जाँच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मढ़ौरा के एक आवेदक द्वारा सामुदायिक विवाह भवन हेतु जमीन दान देने पर लगने वाले निबंधन शुल्क को माफ करने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने सकारात्मक रुख अपनाया और प्रखंड विकास पदाधिकारी को अविलंब प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया।

## बिहार की बंद चीनी मिलों को जल्द चालू किया जाएगा : दिलीप जायसवाल

**राज्य में गन्ना उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा**

एजेंसी

**पटना।** उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने सोमवार को कहा कि बिहार में बंद पड़ी चीनी मिलों को जल्द ही चालू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में गन्ना उत्पादन की बहुत ज्यादा संभावना है। जब चीनी मिल बंद हुए तब लोगों ने गन्ना उपज की ओर ध्यान देना बंद कर दिया। जबकि गन्ना का उत्पादन आसान और अच्छा है।

वह गन्ना प्रौद्योगिकी संगोष्ठी में भाग लेने ज्ञान भवन पहुंचे थे। उन्होने मीडिया से बातचीत में कहा कि गन्ने की खेती करने से किसानों को काफी फायदा होता है। इसमें खर्च भी कम आता है और खाद-पानी भी कम लगता है। आने वाले समय में गन्ना उद्योग आधारित चीनी मिल, इथेनॉल की फैक्ट्री समेत गन्ना पर आधारित प्लांट लगाए जायेंगे। इस तरह से नई मिलों के साथ-साथ पंद पड़ी चीनी मिलें भी खोली जायेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि गन्ना उद्योग लगाने वाले जो, निवेशक हैं उनको भी प्रोत्साहन मिलेगा। चीनी मिलों को खेलने के लिए गन्ना उत्पादन जरूरी है। ऐसा ना हो कि चीनी मिलें खोलें और गन्ना उन्हें मिले ही नहीं। इसलिए गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित कर रहे हैं। नए तकनीक से बिहार में गन्ना की खेती की जाएगी। उन्होने बताया कि, पूरे देश के बड़े-बड़े वैज्ञानिक, कृषि से संबंधित एक्सपर्ट, कृषि यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर, किसान और चीनी मिल के मालिकों का दो दिनों का सेमिनार यहां रखा गया है। इसमें मुख्य रूप से गन्ना उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा।



## तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वैदैही रामायण कला महोत्सव आयोजित

एजेंसी




**सहरसा।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से मत्स्यगंधा कलाग्राम सहरसा स्थित बटोही सहरसा द्वारा 7-9 मार्च के बीच तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वैदेही रामायण कला महोत्सव एवं संगोष्ठी का आयोजन सत्तर कटैया प्रखंड के मनखाही गाँव में किया गया। महोत्सव का उद्घाटन नदी मित्र तथा फीजी में भारत सरकार के सांस्कृतिक राजनयिक प्रो. (डॉ).ओम प्रकाश भारती ने किया।

उद्घाटन समारोह पर रामजी मंडल,भूतपूर्व मुखिया वीरेंद्र यादव, बटोही के सचिव डॉ. महेंद्र कुमार,समाज सेवी महेश्वर मुखिया,पन्नालाल यादव आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन बटोही के सचिव डॉ. महेंद्र कुमार तथा कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार और अविनाश आर्या ने किया।महोत्सव के प्रथम दिन मोरंग(नेपाल) से आए कलाकार ने रामायण आधारित बालन नाटक और स्थानीय कलाकार नारदी भाजन,ओडिसी तथा भरतनाट्यम के माध्यम से रामायण कथा पर आधारित नृत्य नाटक की प्रस्तुति की । महोत्सव के दूसरे दिन बोलपुर शांतिनिकेतन पश्चिम बंगाल के कलाकारों ने अभिषेक दत्त के नेतृत्व में राम कथा पर आधारित नृत्य नाटिका, रावण वध की प्रस्तुति की। पश्चिम बंगाल सिलीगुड़ी से आए कलाकारों ने रनपा, काठीनाच संथाल नृत्य आदि का प्रदर्शन किया। स्थानीय कलाकारों में मधेपुरा भतरंधा के कलाकारों ने लखन शर्मा के नेतृत्व में नटुवा नाच के शैली में राम कथा की प्रस्तुति की। महोत्सव के अंतिम दिन मिथिला में रामकथा के परंपरा विषय पर संगोष्ठी आयोजित किए,संगोष्ठी अध्यक्ष प्रो.(डॉ).ओम प्रकाश भारती ने किया।

## असहाय, निराश्रित व नि:शक्त महिलाओं को किया गया सम्मानित

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लायंस क्लब इंटरनेशनल से जुड़े लायंस क्लब रक्सौल (भारत) और वीरगंज (नेपाल) के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को शहर के बाईपास रोड स्थित माहेर ममता निवास में आवासित असहाय, निराश्रित एवं निःशक्त महिलाओं के साथ सम्मानपूर्वक महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लायन बिमल सर्राफ, लायन मोहम्मद निजामुद्दीन, लायन डॉ सुशील सिंह, लायन पिया सिंह, लायन प्रभात आनंद, लायन प्रसिद्धि आनंद, थाना प्रभारी हरैया किशन पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर लायंस क्लब रक्सौल की ओर से महिलाओं के बीच वस्त्र एवं पौष्टिक अल्पाहार वितरित किया गया, जबकि नेपाल के बीरगंज स्थित लायंस क्लब ऑफ सेस्मी एकेडमी द्वारा आटा, चावल, आलू, प्याज सहित अन्य गृहपयोगी खाद्य सामग्री प्रदान कर महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लायंस क्लब रक्सौल के अध्यक्ष लायन बिमल कुमार सर्राफ, लायन मोहम्मद निजामुद्दीन एवं लायन डॉ सुशील सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति समाज की प्रतिबद्धता को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और नेपाल के बीच सदियों से सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध रहे हैं और इस संयुक्त आयोजन के माध्यम से दोनों देशों के अंतरराष्ट्रीय संबंधों को और सुदृढ़ करने के साथ एक नया आयाम प्रदान करने का प्रयास किया गया है।

# ईरान जंग : 1700 से ज्यादा मौतें, तेहरान में काली बारिश, सड़कों पर लेबनान में लोग

एजेंसी

**तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज दसवां दिन है। इस जंग में अब तक 1700 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, जबकि हजारों घायल हैं। लोग अपना घर छोड़कर सुरक्षित जगह पर शरण लेने को मजबूर हैं। ईरान और इजराइल लगातार एक दूसरे के सैन्य ठिकानों के साथ-साथ सिविलियन इलाकों को भी निशाना बना रहे हैं। इस वजह से आम लोगों को जान माल का भारी नुकसान हो रहा है। वहीं, दूसरी तरफ इजराइल, लेबनान में भी ईरान समर्थक ग्रुप हिजबुल्लाह के खिलाफ हमले कर रहा है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहा ईरान भी जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब दसवें दिन में प्रवेश कर चुका है। पूरा क्षेत्र तनाव की चपेट में है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का युद्ध को लेकर सख्त रवैया और खाड़ी देशों में बढ़ता संघर्ष, वैश्विक राजनीति के लिया बड़ा संकट साबित होता दिख रहा है। भारत ने कहा है कि तेजी से बदलती परिस्थितियों पर सरकार की पैनी नजर है।

सऊदी अरब की रक्षा मंत्रालय ने बताया कि शैबाह तेल क्षेत्र की ओर बढ़ रहा एक ड्रोन रोककर नष्ट कर दिया गया। इससे तेल क्षेत्र को



कोई नुकसान नहीं हुआ। मंत्रालय ने कहा कि सुरक्षा बल सतर्क हैं और किसी भी खतरे को तुरंत निपटाने के लिए तैयार हैं। कतर पर ईरानी मिसाइल हमला हुआ। राजधानी दोहा में मिसाइलें इंटरसेप्ट की गईं, तेज धमाके और धुएं देखे गए। बहरीन के सित्रा इलाके में ड्रोन हमले में 32 लोग घायल। सऊदी अरब के शैबाह तेल क्षेत्र पर ड्रोन हमले को रोका गया, साथ ही रियाद के उत्तर में दो ड्रोन और राजनयिक क्षेत्र की ओर एक प्रोजेक्टाइल गिराया गया। कतर की इंटीरियर मिनिस्ट्री ने 313 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उन्होंने भ्रामक जानकारी शूट, फैलायी और प्रकाशित की। गिरफ्तार लोग विभिन्न राष्ट्रीयताओं के हैं।

**बहरीन के सबसे बड़े रिफाइनरी पर ईरान का हमला :** बहरीन के सबसे बड़े तेल रिफाइनरी बीएपीसीओ पर ईरान ने मिसाइल से बड़ा हमला किया। हमले के बाद रिफाइनरी पर नुकसान हुआ है, लेकिन अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। अल जजीरा अरबी की रिपोर्ट के अनुसार, इस्राइल की सेनाओं ने लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर दूसरा हमला किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि हमले की जानकारी जैसे ही और मिलेगी, अपडेट दी जाएगी। यह हमला पिछले कुछ घंटों में इजराइल द्वारा बेरूत पर किए गए लगातार हमलों का हिस्सा माना जा रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि दक्षिणी टायार देब्बा पर इस्राइल के हमले में कम से कम तीन लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हुए। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब स्वास्थ्य अधिकारियों ने पास के शहर जॉया पर इस्राइल के हवाई हमले में भी कम से कम तीन लोगों की मौत और 16 घायल होने की रिपोर्ट दी थी।

## ईरान का दावा- ट्रम्प को युद्ध के लिए उकसाया गया: इरानी विदेश मंत्री

**तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के खिलाफ युद्ध के लिए उकसाया गया। उनका दावा है कि अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मिलकर साजिश की। अराघची के मुताबिक ग्राहम हाल के हफ्तों में कई बार इजराइल गए और वहां की खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों से मुलाकात की। इन बैठकों में ईरान से जुड़े मामलों पर चर्चा हुई। अराघची का कहना है कि ग्राहम ने कहा था कि उन्हें इजराइल से ऐसी खुफिया जानकारी मिलती है जो कभी-कभी अमेरिकी सरकार भी शेयर नहीं करती। इसी जानकारी के आधार पर ट्रम्प को ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए राजी किया गया। अराघची ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राहम ने इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को सलाह दी कि वे ट्रम्प को ईरान के खिलाफ सैन्य कदम उठाने के लिए कैसे मना सकते हैं। अराघची ने कहा कि किसी भी देश में ऐसा करना देशद्रोह जैसा माना जाएगा। सऊदी अरब के अल-खार्ज इलाके में रिहायशी परिसर पर मिसाइल गिरने से एक भारतीय और एक बांग्लादेशी नागरिक की मौत हो गई। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक हमले में 12 अन्य बांग्लादेशी घायल हुए हैं। सऊदी सिविल डिफेंस एजेंसी के मुताबिक आवासीय परिसर पर मिसाइल गिरने से इससे इमारत को नुकसान पहुंचा और आसपास अफरा-तफरी मच गई। इससे पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा था कि उसने अल-खार्ज समेत कई स्थानों पर रडार सिस्टम को निशाना बनाया है। मिसाइल गिरने की घटना इसी इलाके में सामने आई है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत सरकार पहले ही सऊदी अरब में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर चुकी है और उन्हें सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## सऊदी में ईरान के हमले में भारतीय नागरिक की मौत

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब के अल-खर्ज शहर में रविवार को प्रोजेक्टाइल गिरने की घटना के बाद भारतीय दूतावास ने सोमवार को स्पष्ट किया कि इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में कोई भारतीय नागरिक मारा नहीं गया। दूतावास ने कहा कि वह संबंधित सऊदी अधिकारियों के संपर्क में है और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए लगातार स्थिति पर नजर रख रहा है। भारतीय मिशन के अनुसार, काउंसलर (ष्ड्ङ) श्री वाई. साबिर ने रविवार की रात अल-खर्ज का दौरा किया और घटना में घायल हुए भारतीय नागरिक से मुलाकात की। वह वर्तमान में अल-खर्ज के सरकारी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा 'कल शाम अल-खर्ज में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में किसी भारतीय नागरिक की मौत नहीं हुई, यह राहत की बात है।' घटना के तुरंत बाद, सऊदी सिविल डिफेंस अधिकारियों ने बयान में कहा था कि प्रोजेक्टाइल हमले में एक भारतीय और एक बांग्लादेशी नागरिक की मौत हुई। इसके अलावा 12 बांग्लादेशी निवासी घायल हुए और संपत्ति को भी नुकसान हुआ। सऊदी अधिकारियों ने यह भी कहा कि नागरिक सुविधाओं को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। दूतावास ने अपने नागरिकों से सतर्क रहने और स्थानीय सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा सऊदी अरब में स्थित सभी भारतीय नागरिक सतर्क रहें, सुरक्षा निर्देशों का पालन करें और स्थानीय प्रशासन तथा दूतावास द्वारा जारी सलाहों का पालन करें। गौरतलब है कि रविवार को ईरान की ओर से सऊदी अरब की तरफ दागी गई मिसाइल को सऊदी एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही इंटरसेप्ट कर लिया। हालांकि, मिसाइल का धधकता मलबा सीधे अल-खर्ज शहर में एक बिल्डिंग पर गिर गया। घटना के तुरंत बाद आसपास की दीवारें हिल गईं और वहां मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में कई लोग घायल हुए और कुछ की जान भी चली गई। घायलों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल हैं, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। अल-खर्ज का पूरा इलाका इस हादसे के बाद दहशत में है और स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ा दी है।

## अमेरिकी पॉप स्टार रिहाना के घर पर 10 राउंड फायरिंग

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पॉपुलर सिंगर रिहाना ने अपने म्यूजिक से दुनिया भर में एक अलग पहचान बनाई है, जिसके चलते हर देश में उनके हजारों फैंस मौजूद हैं. लेकिन आज इस पॉप-स्टार को लेकर एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है, सिंगर के कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स में मौजूद घर के बाहर फायरिंग हुई है. खबरों के मुताबिक इस घटना को एक 30 साल की महिला शूटर ने अंजाम दिया है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. एक महिला ने रिहाना के घर की ओर 10 राउंड गोलियां चलाईं। एक गोली घर की दीवार पर लगी है। रॉयटर्स के मुताबिक हमले के वक्त रिहाना घर पर मौजूद थीं, लेकिन इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। अमेरिकी पॉप स्टार रिहाना के घर के बाहर फायरिंग की घटना हुई है। यह घटना लॉस एंजिलिस के ब्रेबरी हिल्स में हुई। हमले की जानकारी मिलते ही लास एंजिलिस पुलिस मौके पर पहुंची और 30 साल की एक महिला को हिरासत में लिया। कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स में मौजूद पॉपुलर पॉप-स्टार रिहाना के घर के बाहर फायरिंग हुई है, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. वहीं पुलिस ने सिंगर के घर की तरफ बार-बार गोली चलाने वाली महिला शूटर को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है. रिहाना के घर के बाहर हुई इस घटना को लेकर लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार, 8 मार्च को सिंगर के घर के पास करीब दोपहर 1:21 पर गोलीबारी की घटना हुई. इस दौरान 5 से 7 गोलियां चलाई गईं, जो उनके घर के गेट पर लगीं. लेकिन इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है. पॉप-स्टार रिहाना के घर के बाहर हुई इस घटना को लेकर पुलिस ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, जिसमें इस हादसे के पीछे की वजह को बताया गया हो. साथ में, अभी ये भी स्पष्ट नहीं हुआ है कि उस समय सिंगर के पति एएसएपी रॉकी और उनके बच्चे आरजेडए, रायट रोज और रोज घर पर मौजूद थे या नहीं. पुलिस अधिकारी फिलहाल गोलीबारी के पीछे के मकसद की जांच में जुटे हुए हैं. अमेरिकी पॉप स्टार रिहाना के घर के बाहर फायरिंग की घटना हुई है। यह घटना लॉस एंजिलिस के ब्रेबरी हिल्स में हुई। जहां एक महिला ने रिहाना के घर की ओर 10 राउंड गोलियां चलाईं। एक गोली घर की दीवार पर लगी है। हमले की जानकारी मिलते ही लास एंजिलिस पुलिस मौके पर पहुंची और 30 साल की एक महिला को हिरासत में लिया। रॉयटर्स के मुताबिक हमले के वक्त रिहाना घर पर मौजूद थीं, लेकिन इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस के मुताबिक सड़क के उस पार खड़ी एक गाड़ी से करीब 10 गोलियां चलाई गईं। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### केन्या में भारी बारिश और बाढ़ का कहर, 23 की मौत

**नैरोबी, एजेंसी।** केन्या की राजधानी नैरोबी में रात भर हुई भारी बारिश के बाद बाढ़ से 23 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कुछ लोग बाढ़ में डूब गए और कुछ की करंट लगने से मौत हुई। सड़कों पर पानी भरने से सैकड़ों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और यातायात ठप हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए राहत कार्यों के लिए सेना को तैनात किया गया है। केन्या एयरवेज ने कई उड़ानें रद्द कर दीं या उनके मार्ग बदल दिए। रेड क्रॉस की टीमें फंसे हुए लोगों को निकालने में जुटी हैं। बारिश के कारण घरों में पानी भर गया है और कई वाहन सड़कों पर पलट गए हैं।

### केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को लंदन में मिला सम्मान, छह प्रमुख हस्तियां भी सम्मानित

**लंदन, एजेंसी।** कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी को 2026 के प्रतिष्ठित 'इंडिया-यूके अचीवर्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन भारतीयों को दिया जाता है, जिन्होंने ब्रिटेन के संस्थानों में पढ़ाई की है और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इंडिया-यूके अचीवर्स अवॉर्ड समारोह में सम्मानित अन्य हस्तियों में शेफ और लेखक करण गोकानी, नीति विशेषज्ञ राजेश तलवार, स्वास्थ्य क्षेत्र के उद्यमी डॉ. शुचिन बजाज, सलाहकार नीति पॉल, रोबोटिक सर्जन डॉ. अरुण प्रसाद और लेखक व सामाजिक कार्यकर्ता आदित्य तिवारी शामिल हैं। जयंत चौधरी ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई) से पढ़ाई की है। उन्हें सात 'आउटस्टैंडिंग अचीवर्स' में शामिल किया गया, जिनके नाम की घोषणा लंदन में नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनाई यूनियन (निसाउ) के वार्षिक सम्मेलन में की गई। यह कार्यक्रम ब्रिटिश सरकार और शिक्षा क्षेत्र के साझेदारों के सहयोग से आयोजित हुआ।

### अमेरिका में तूफान से 12 साल के बच्चे समेत 6 लोगों की मौत, कई घायल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में रविवार को तूफान और बंबडर की वजह से 12 साल के बच्चे समेत 6 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिका के मिशिगन और ओक्लाहोमा में हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, दक्षिणी मिशिगन में चार लोगों की मौत हुई। वहीं ओक्लाहोमा में दो लोगों की जान गई। इसके अलावा 12 लोगों के घायल होने की भी खबर है। अधिकारियों ने बताया कि कई घरों और इमारतों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। मिशिगन की गवर्नर ग्रेचैन विटमर ने इमरजेंसी घोषित कर दी है और कहा है कि प्रभावित लोगों की मदद के लिए रिसोर्स जुटाए जा रहे हैं। वहीं ओक्लाहोमा के गवर्नर केविन स्टीट्ट ने भी कई जिलों में इमरजेंसी घोषित कर दी है ताकि प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य तेजी से किए जा सकें। नेशनल वेदर सर्विस ने चेतावनी दी है कि ग्रेट प्लेन्स से लेकर टेक्सास तक वीकेंड तक भारी तूफान, आंधी और अचानक बाढ़ का खतरा बना रह सकता है।

### मुठभेड़ में करीब 20 आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मुठभेड़ में करीब 20 आतंकियों को ढेर कर दिया है। खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने पांच अलग-अलग खुफिया अभियानों में 13 आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना की मीडिया विंग आईएसपीआर ने रविवार को बताया कि ये अभियान 6 और 7 मार्च को चलाए गए थे। सबसे बड़ी कार्रवाई बाजौर जिले में हुई, जहां भीषण गोलाबारी के बाद पांच आतंकियों को ढेर कर दिया गया। इसके अलावा बन्नू, डेरा इस्माइल खान, खैबर और दक्षिण वजीरिस्तान जिलों में हुई मुठभेड़ों में आठ अन्य आतंकी मारे गए।

# खामेनेई के बेटे मोजतबा बने ईरान के सुप्रीम लीडर

## आते ही ऐक्शन में, इजरायल पर दाग दी पहली मिसाइल

एजेंसी

**तेहारान।** अमेरिका और इजरायल के खिलाफ छिड़ी भीषण जंग के बीच ईरान ने अपना सर्वोच्च नेता चुन लिया है। अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद अब उनके बेटे मोजतबा खामेनेई यह जिम्मेदारी संभालेंगे। सोमवार को ईरान की तरफ से यह ऐलान होते ही पूरी दुनिया में कोहराम मच गया है।

अब इस बात को लेकर चचाएं तेज हैं कि आखिर इस युद्ध को लेकर मोजतबा का रुख क्या होगा और वह अमेरिका और इजरायल के साथ-साथ देश के लोगों में उठे असंतोष की भावना का जवाब कैसे देंगे। इससे पहले ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की रमजान के महीने में मौत होने के बाद देश की सत्ता की बागडोर को लेकर चचाएं तेज हो गई थीं। खामेनेई के उत्तराधिकारी के रूप में सबसे प्रमुख नाम उनके बेटे मोजतबा खामेनेई का ही था, जिन्हें लंबे समय से ईरान की सत्ता व्यवस्था के भीतर प्रभावशाली व्यक्ति माना जाता है। ईरान ने नए



सुप्रीम लीडर अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई की नियुक्ति के बाद पहला हमला इजरायल पर किया। आईआरआईबी ने लिखा, ईरान ने अयातुल्ला सैयद मोजतबा खामनेई की अगुवाई में मिसाइलों की पहली लहर कब्जे वाले इलाकों में छोड़ी हैं।इ साथ ही मिसाइल अटैक की तस्वीर भी पोस्ट की गई है।

**कौन हैं मोजतबा खामेनेई :** मोजतबा खामेनेई को अपेक्षाकृत मध्य-स्तरीय धर्मगुरु माना जाता है और उन्हें 2022 में ही अयातुल्ला की उपाधि दी गई थी, जो सर्वोच्च नेता बनने के लिए आवश्यक मानी जाती है। इसीलिए कई विश्लेषकों ने इसे उन्हें अली खामेनेई के उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किए जाने का संकेत माना था। मोजतबा ने अपने अधिकतर राजनीतिक जीवन में कोई औपचारिक सरकारी पद नहीं संभाला, लेकिन वह सर्वोच्च नेता के कार्यालय के भीतर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उन्हें अक्सर सत्ता के गलियारों में प्रभावशाली पावर ब्रोकरइ और गेटकीपरइ के रूप में देखा जाता रहा है। बताया जाता है कि 17 वर्ष की उम्र में उन्होंने ईरान-इराक युद्ध में संक्षिप्त रूप से हिस्सा लिया था। हालांकि उन्हें व्यापक सार्वजनिक पहचान 1990 के दशक के आखिर में मिली, जब उनके पिता अली खामेनेई की सर्वोच्च नेता के रूप में स्थिति मजबूत हो चुकी थी। 2019 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने मोजतबा खामेनेई पर प्रतिबंध लगाए थे और आरोप लगाया था कि वे बिना किसी औपचारिक सरकारी पद के भी सर्वोच्च नेता की ओर से प्रभावी भूमिका निभा रहे थे।

**आईआरजीसी से करीबी :** समय के साथ उनकी पहचान दो प्रमुख पहलुओं से जुड़ी रही है। पहला, ईरान की सुरक्षा व्यवस्था, विशेष रूप से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और उससे जुड़े कट्टरपंथी नेटवर्क के साथ उनके करीबी संबंध। दूसरा, सुधारवादी राजनीति और पश्चिमी देशों के साथ करीबी संबंधों के प्रति उनका कड़ा विरोध। आलोचक उन्हें 2009 के विवादित राष्ट्रपति चुनाव के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों के दमन से भी जोड़ते हैं। माना जाता है कि उन्होंने ईरान के सरकारी प्रसारण संगठन पर भी गहरा प्रभाव बनाए रखा, जिससे उन्हें देश के सूचना तंत्र और सरकारी विमर्श के एक हिस्से पर अप्रत्यक्ष नियंत्रण मिला।

# राजस्थान में मार्च में ही तपिश का कहर तापमान पहली बार 40 डिग्री के पार

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान में मार्च के शुरूआती दिनों में ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सीजन में पहली बार राज्य का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया है। रविवार को पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर और बालोतरा इलाकों में हीटवेव का असर देखने को मिला। वहीं जयपुर, अजमेर, कोटा समेत 15 से ज्यादा शहरों में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर रिकॉर्ड किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दिन के समय लोगों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ा।

**अभी और बढ़ेगी गर्मी :** मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार, प्रदेश में फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। विभाग ने सोमवार और मंगलवार के लिए जैसलमेर, बाड़मेर और बालोतरा जिलों में हीटवेव को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले एक सप्ताह के दौरान प्रदेश के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ोतरी हो सकती है। इसके चलते



पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान के कई हिस्सों में गर्मी का असर और तेज हो सकता है। पिछले 24 घंटों के मौसम के आंकड़ों पर नजर डालें तो झुंझुनूं जिले का पिलानी और पश्चिमी राजस्थान का बाड़मेर सबसे गर्म इलाके रहे। रविवार को पिलानी में अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे अधिक रहा। वहीं बाड़मेर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

बाड़मेर और बालोतरा के आसपास के इलाकों में सुबह से ही तेज धूप रही और दोपहर के समय हल्की से मध्यम लू चली। इसके कारण लोगों को दिन के समय घरों से बाहर निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। बाड़मेर और बालोतरा के अलावा पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में भी गर्मी का असर तेज रहा। रविवार को बीकानेर में अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री, चूरू में 39.1, जैसलमेर में 39.2, जोधपुर में 38.8 और फलोदी में 38.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इन इलाकों में दिन के समय गर्म हवाओं और तेज धूप के कारण हल्की हीटवेव जैसी स्थिति बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार यदि तापमान में और बढ़ोतरी होती है तो आने वाले दिनों में इन क्षेत्रों में लू का असर और तेज हो सकता है।

## पंजाब की महिलाओं के लिए बड़ी खुशखबरी, मान सरकार हर महीने देगी 1,000 रुपये

**जालंधर, एजेंसी।** पंजाब की मान सरकार ने 'मुख्यमंत्री महिला-ध्यान सत्कार योजना' के तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को 1,000 रुपये मासिक देने का अपना चुनावी वादा पूरा कर दिया है, जिससे सरकारी खजाने पर सालाना 10,000 करोड़ का बोझ पड़ेगा। इस योजना के दायरे से सरकारी कर्मचारियों और आयकरदाताओं को बाहर रखा गया है, जबकि पेंशनभोगी महिलाओं को भी इसका लाभ मिलेगा। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपना एक प्रमुख चुनावी वादा पूरा कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने 2026-27 के बजट में 'मुख्यमंत्री महिला-ध्यान सत्कार योजना' का एलान किया। इस योजना के तहत राज्य की 18 साल से ऊपर की लगभग सभी महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। सरकार का दावा है कि इस योजना के दायरे में राज्य की 97 प्रतिशत महिलाएं आएंगी। इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि जो महिलाएं पहले से बुढ़ापा, विधवा या विकलांगता पेंशन ले रही हैं, उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा।

# अमेरिकी संसद में एच-1बी प्रतिबंधों को खत्म करने के लिए विधेयक पेश

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा से संबंधित लागू किए गए कड़े प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में एक नया विधेयक पेश किया गया है। डेमोक्रेटिक सांसद बोनी वॉटसन कोलमैन ने यह विधेयक पेश कर राष्ट्रपति ट्रंप के उस फैसले को निरस्त करने की मांग की है, जिसमें एच-1बी वीजा पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियुक्त करने वाले नियोक्ताओं पर सख्त वेतन शर्तें और भारी शुल्क लगाए गए थे।

राष्ट्रपति ट्रंप ने सितंबर 2025 में एक ऐसे फैसले की घोषणा की थी, जिसके तहत एच-1बी वीजा कर्मचारियों के लिए अनिवार्य वेतन स्तर को काफी बढ़ा दिया गया और ऐसे



कर्मचारियों को रखने वाले नियोक्ताओं पर एक लाख डॉलर का शुल्क भी लगाया गया। इस फैसले का उद्देश्य कथित तौर पर अमेरिकी श्रमिकों के हितों की रक्षा करना था। हालांकि, डेमोक्रेटिक सांसद कोलमैन का मानना है कि यह अल्पदृष्टि वाली घोषणाइ अमेरिकी नियोक्ताओं, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों और शोध संस्थानों के लिए बड़ी बाधाएं खड़ी कर रही है। ये संस्थान उच्च कौशल वाले पेशेवरों पर बहुत अधिक निर्भर करते हैं। कोलमैन ने जोर देकर कहा कि एच-1बी वीजा प्रोग्राम कभी भी घरेलू वर्कफोर्स का विकल्प नहीं रहा है, बल्कि यह अमेरिकी और वैश्विक प्रतिभा के बीच एक सेतु का काम करता है, जो देश की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करता है। एच-1बी वीजा प्रोग्राम अमेरिकी नियोक्ताओं को उन विशेष क्षेत्रों में विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति देता है, जहाँ कुशल श्रमिकों की कमी होती है। विशेष रूप से टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, हेल्थकेयर और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में इस कार्यक्रम की महत्ता सर्वविदित है।

कोलमैन के विधेयक को कई लोगों का समर्थन मिला है। समर्थकों का कहना है कि अधिक वेतन सीमा और महँगे शुल्क के कारण कार्यक्रम को कड़ा बनाने से उन संस्थानों के लिए आवश्यक प्रतिभा को आकर्षित करना मुश्किल हो गया है, जो नवाचार (इनोवेशन) और महत्वपूर्ण सेवाओं को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वॉटसन कोलमैन ने इस बात पर विशेष चिंता व्यक्त की है कि ये पाबंदियां ऐसे समय में लागू की गई हैं जब अमेरिका का स्वास्थ्य क्षेत्र पहले से ही भारी दबाव का सामना कर रहा है।

# स्कूल स्ट्राइक का तार अमेरिकी हमले से जुड़ा

एजेंसी

**वाशिंगटन।** ईरान के मिनाब शहर में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के नौसैनिक अड्डे पर हुए हमले से जुड़ा एक नया वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक इमारत को निशाना बनाकर किए गए अमेरिकी हवाई हमले को दिखाया गया है। यह अड्डा एक प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित है। ईरान के सरकारी मीडिया के अनुसार 28 फरवरी को हुए हमले में उस स्कूल के 160 से अधिक विद्यार्थियों की मौत हो गई थी।

सेमी-ऑफिशियल ईरानी न्यूज एजेंसी मेहर न्यूज की ओर से साझा किया गया यह वीडियो पहली बार उस इलाके में मिसाइल गिरते हुए दिखाता है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने सीएनएन की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि यह उन बढ़ते सबूतों में से एक है जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान पर इल्जाम लगाने के हालिया दावों को गलत साबित करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार यह वीडियो पास के एक निर्माण स्थल से बनाया गया है। इसमें एक ऐसी मिसाइल दिखाई देती है, जो अमेरिका की टॉमहॉक लैंड अटैक मिसाइल (टीएलएएम) जैसी लगती है। यह मिसाइल आईआरजीसी के अड्डे के अंदर एक स्थान पर जाकर गिरती दिखाई देती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इजराइल टॉमहॉक मिसाइल का इस्तेमाल नहीं करता। जेम्स मार्टिन सेंटर फॉर नॉनप्रोलिफरेशन स्टडीज के शोध सहयोगी सैम लेयर ने सीएनएन से कहा कि वीडियो में दिख रही मिसाइल टॉमहॉक मिसाइल की विशेषताओं से मेल खाती है। लेयर के अनुसार, सबसे पहले यह मिसाइल देखने में टीएलएएम जैसी लगती है। इसका आकार क्रॉस की तरह होता है, जिसमें बीच में पंख लगे होते हैं और पीछे की तरफ टेल किट होता है। लेयर ने यह भी कहा कि वीडियो की लोकेशन से पता चलता है कि एक क्रूज मिसाइल अड्डे के बीच में स्थित इमारतों में से एक पर गिरती है। हालांकि वीडियो में स्कूल पर सीधे हमला होते हुए नहीं दिखता, लेकिन संभावना है कि स्कूल पर हुआ हमला भी उसी कार्रवाई का हिस्सा था।

# दुई दिनक आयुर स्वादोत्सव में लगभग 32 हजार अदमीमन करलयं सहभागिता

## 152 से बेसी स्टार्टअप बिद्यार्थीमन कर 517 से बेसी उत्पाद कर परदरसन आउर बिक्रय

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**गुजरात।** जामनगर कर इंस्टीट्यूट ऑफ टीचिंग एंड रिसर्च इन आयुर्वेद दुई दिनक ह्यआयुर स्वादोत्सवह्ल कर आयोजन करलक। ई बिसेस आयोजन में लगभग 32 हजार से बेसी अदमीमन सहभागिता करते आयुर्वेद आधारित स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ आउर उत्पाद कर आनंद लेलयं। कार्जकरम कर दौरान 152 से बेसी स्टार्टअप से जुड़ल बिद्यार्थीमन कर द्वारा 517 से बेसी उत्पाद कर परदरसन आउर बिक्रय करल गेलक। आयुर्वेद कर सिद्धांत उपरे आधारित 150 से बेसी किसिम कर खाद्य पदार्थ आउर ब्यंजन कर परदरसनी आउर बिक्री कर बेबस्था करल जाए रहे, जेकर में लाइव फूड, पैकेज्ड फूड आउर अन्य पैकेजिंग आइटम सामिल रहे। ई अवसर में केक, इडली, भजिया, नूडल्स संगे कतई किसिम कर स्वादिस्ट आउर स्वास्थ्यबर्धक ब्यंजन सउब अदमी कर आकरसन कर केंद्र बनलक। आगंतुकमन ई ब्यंजन कर स्वाद लेइ के स्वास्थ्य आउर स्वाद कर अद्भुत संगम कर अनुभव करलयं। इकर संगे आयुर्वेदिक कॉस्मेटिक उत्पाद भी सउब कर बिसेस धेयान आकरसित करलक। इकर में तुलसी बाम, पेन रिलीफ लिक्विड बाम, बिभिन्न किसिम कर साबुन, शैम्पू, सरीर आउर मुड़ में लगायेक वाला औसधीय तेल संगे अनेक उत्पाद कर परदरसन आउर बिक्रय करलयं गेलक।

ई आयोजन कर माध्यम से भारत सरकार कर बिभिन्न पहल जैसे वोकल फॉर लोकल, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, विकास भी विरासत भी, आत्मनिर्भर भारत, हर घर स्वदेशी आउर स्किल इंडिया के भी प्रोत्साहन देल गेलक। बिद्यार्थीमन कर द्वारा तैयार करल गेल उत्पाद के आगंतुक से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिललक आउर सउब उत्साहपूर्बक ई उत्पाद कर खरीदारी करलयं। कार्जकरम कर दौरान बिस्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जामनगर में स्थापित ग्लोबल ट्रेडिशनल मेडिसिन सेंटर से संबंधित बिभिन्न पारंपरिक चिकित्सा परनालीमन कर भी परदरसन करल गेलक। आगंतुकमन बिस्व कर बिभिन्न देस में प्रचलित पारंपरिक चिकित्सा पद्धति कर बारे में रुचि कर संगे जानकारी प्राप्त करलयं।











# स्कूटी रैली निकलाय के महिलामन देलयं नारी सक्ति कर संदेस

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**धनबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के लेइ के सोमार के समाहरणालय से 200 से बेसी महिलामन स्कूटी रैली निकलाय के नारी सक्ति कर संदेस देलयं। संगे नसा मुक्त आउर बाल बिवाह मुक्त झारखंड बनायेक का संकल्प लेलयं। रैली के उपायुक्त आदित्य रंजन आउर वरीय पुलिस अधीछक प्रभात कुमार हरीयर झंडी देखाय के रवाना करलयं। रैली समाहरणालय से सिटी सेंटर होते रणधीर वर्मा चौक तक पहुंचलक।

रैली के रवाना करेक कर बाद उपायुक्त कहलयं कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस नारी कर अधिकार, समानता आउर उनकर सामाजिक, आर्थिक जोगदान कर सम्मान आउर ससक्तिकरन कर बैश्विक प्रतीक बइन जाए हे। आइज हर छेतर में महिलामन कर संघर्स, उनकर उपलब्धि, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक संगे अन्य छेतर में उनकर जोगदान के पहचान मिइल हे।

उपायुक्त कहलयं कि जिला में भी महिला ससक्तिकरन ले कई जोजना चलत हे। महिलामन के स्वरोजगार से जोड़ेक ले स्वयं सहायता समूह बनाय के उनके परसिछ्न देवल जात हे। हुवें बेलगड़िया में 80-80 गो महिलामन कर समूह बनाय के उनके मशरूम कर खेती, बांस आउर जुट कर सामग्री बनायेक संगे अन्य छेतर में हुनरमंद बनाल जात हे। हें वरीय पुलिस अधीछक कहलयं कि आइज हर छेतर में महिलामन पुरुसमन कर बराबर जोगदान देवत हयं। महिला ससक्त होवी तो परिवार आउर समाज ससक्त बनी। हुवें रैली के रवाना करेक से पहिले सउब के नसा मुक्त झारखंड आउर बाल बिवाह मुक्त झारखंड कर सपथ खियाल गेलक। स्कूटी रैली में महिला पुलिसकर्मी, सुपरवाइजर, सीडीपीओ, आंगनबाड़ी सेविका, पोसन सखी संगे सैकडों महिला सामिल होलयं।














# गैर आवासीय बिज्ञान परदरसनी निरमान ले भेलक उन्मुखीकरन कार्जसाला

## प्रतिभागीमन के प्रदर्स कर मूल्यांकन कर तरीका से भी अवगत कराल गेलक

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**लोहरदगा।** चीरी इस्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में एक दिनक गैर आवासीय बिज्ञान परदरसनी निरमान ले उन्मुखीकरन कार्जसाला कर आयोजन करल गेलक। ई जिला कर उच्च प्राथमिक, माध्यमिक बिद्यालय कर बिज्ञान सिछक आउर बी.एड., डी.एल.एड. परसिछु छात्राध्यापकमन ले रहे। डायट प्राचार्य-सह-जिला सिछा अधीछक लोहरदगा अभिजीत कुमार कर मार्गदरसन में कार्जकरम कर आयोजन करल गेलक। उद्??घाटन सत्र प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अमृता सिन्हा, संकाय सदस्य एवं रिसोर्स पर्सन द्वारा संजुक्त रूप से करल गेलक।

आपन संबोधन में प्रभारी प्राचार्य कहलयं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कर अनुरूप बिज्ञान सिछ्न के प्रायोगिक कछा कर संगे जोड़ते उचित मंच प्रदान करेक जरुरी आहे। बैज्ञानिक दृष्टिकोन के प्राथमिकता देते स्थानीय संसाधन कर अधिकतम उपयोग करते, कम खर्च में प्रदर्स बनायेक कर सुझाव देलयं। आगामी 17 मार्च के डायट चीरी में जिला स्तरीय बिज्ञान परदरसनी कर तैयारीले रिसोर्स सिछक अंकेश कुमार मेहता प्रदर्स निरमान कर बारीकी से प्रतिभागीमन के अवगत करालयं। सिछकमन के दू गो समूह में बांइट के गणित, बिज्ञान बिसय उपरे प्रदर्स निरमान ले बिसयवार उन्मुखीकरन करल गेलक। प्रतिभागीमन के प्रदर्स कर मूल्यांकन कर तरीका से भी अवगत कराल गेलक। प्रदर्स कर उपजोगिता, सृजनात्मकता, नवाचार कर सन्दर्भ में उल्लेखित बिन्दु उपरे चर्चा करल गेलक। बिभिन्न किसिम कर बिज्ञान परदरसन कर रास्ट्रीय, राज्य, जिला स्तर में होवेक वाला आयोजन कर संदर्भ से भी अवगत करालयं।





### जिनगी कर छन



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

जिनगी कर छन बहुरंग होइ
गेलक,
जब देखलों रंग अबिर
सभे कर संग होइ गेलक,
जिनगी कर छन बहुरंग होइ
गेलक।
ना कोनो भेद ना भाव
ना तो मने तनाव,
गरीबी अमरी कर दुरी
मेटाय एके संग होइ गेलक,
जिनगी कर छन
बहुरंग होइ गेलक।
झाल मंजिरा,ढोलक तासा
ढांक नागरा,मांदर टुइला
नाचते गाते,मसती करते
नावां तरंग होइ गेलक,
जिनगी कर छन
बहुरंग होइ गेलक।
ननद भउजाइ,सारा सारी
भाइ - भाइ हांथ मिलांय,
सालो से बागरा बिछड़ल हैं
इसन गला लगांय,
आंचरा नवरंग होइ गेलक
सोइच के बदरी भी दंग होइ
गेलक,
जिनगी कर छन
बहुरंग होइ गेलक।
जिनगी कर छन
बहुरंग होइ गेलक,
जब देखलों रंग अबिर
सभे कर संग होइ गेलक,
जिनगी कर छन
बहुरंग होइ गेलक।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com